म.प्र. जन अभियान परिषद

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत

उन्मुखीकरण कार्यक्रम दिनांक 24.07.2022 हेतु निर्देशिका

1. यह कार्यक्रम समस्त अध्ययन केन्द्रों में आयोजित किया जावेगा, जिसमे बी.एस.डब्ल्यू. तथा एम.एस.डब्ल्यू. (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास) के समस्त प्रवेशित छात्र सहभागिता करेंगे। उन्मुखीकरण का समय प्रातः 11.00 बजे से 03.00 बजे के मध्य सुविधा अनुसार रखा जा सकता है। संपर्क कक्षाओं के लिए प्रथक से समय सारिणी उपलब्ध करायी जावेगी।
2. जिला समन्वयकों की दिनांक 22.07.2022 को आयोजित राज्य स्तरीय बैठक में पाठ्यक्रम संचालन के विविध पहलुओं पर विस्तार से विचार विमर्श हुआ है। पाठ्यक्रम की मूल भावना ओर कार्यक्रम का लक्ष्य पूर्ण हो इस हेतु आवश्यक निर्देश विकासखंड समन्वयको को प्रदान करें। जिला समन्वयक अध्ययन सामग्री प्राप्त कर चुके है। इन्हें विकासखंड समन्वयकों के माध्यम से पंजीकृत विद्यार्थियों को वितरित किया जावे। दोनों पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों के सेट में 04-04 पुस्तकें है जिनमे से एक प्रवेश विवरणिका और शेष 03 अनिवार्य विषयों की है। जिनका विवरण निम्न प्रकार है:

क्र.	बी.एस.डब्ल्यू. हेतु	एम्.एस.डब्ल्यू. हेतु
1.	प्रवेश विवरणिका	प्रवेश विवरणिका
2.	समाज कार्य परिचय	सामाजिक सामूहिक कार्य
3.	समाज कार्य एवं अन्य अवधारणायें	समाज कार्य अभ्यास के क्षेत्र
4.	विकास अवधारणा एवं क्रियान्वयन	सामाजिक शोध एवं सांख्यिकी

यह अनिवार्य अध्ययन सामग्री है, अगली कड़ी में वैकल्पिक विषयों, व्यावसायिक विषयों ओर आधार पाठ्यक्रम सम्बन्धित पुस्तकें माह सितम्बर 2022 में प्रदान की जावेंगी।

3. इस वर्ष बी.एस.डब्ल्यू. प्रथम वर्ष के विद्यार्थी को अनिवार्य मुख्य विषय के रूप में 02, अनिवार्य गौण विषय के रूप में 01, वैकल्पिक विकासधारा का 01, व्यावसायिक पाठ्यक्रम के रूप में 01 और आधार पाठ्यक्रम के रूप में 04 प्रश्पत्र/विषयों, इस प्रकार कुल 09 प्रश्नपत्रों का अध्ययन करना होगा। आधार पाठ्यक्रम की प्रथक से नियमित कक्षाएं संचालित होने के स्थान केवल मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जावेगा।
4. एम्.एस.डब्ल्यू. प्रथम वर्ष में अनिवार्य मुख्य विषय के रूप में 02, अनिवार्य गौण विषय के रूप में 02, वैकल्पिक विकासधारा का 01, इस प्रकार कुल 05 प्रश्नपत्रों का अध्ययन करना होगा।
5. अध्ययन सामग्री वितरण के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत यह है कि पहले पंजीकृत विद्यार्थियों को सेट प्रदान किये जावें, अवशेष रहने पर ही मेंटर्स को सेट दिए जावें। सामान्य उपयोग के लिए

बी.एस.डब्ल्यू. तथा एम्.एस.डब्ल्यू. का एक-एक सेट कार्यालय में रख लिया जावे जिसका आवश्यकतानुसार उपयोग किया जा सकेगा।

6. वितरित की गयी समस्त अध्ययन सामग्री एल.एम्.एस. पर .pdf प्रारूप में उपलब्ध है। जिसे सुलभ सन्दर्भ हेतु परिशिष्ट -1 पर संलग्न कर भेजा जा रहा है।
7. उन्मुखीकरण कार्यक्रम में विद्यार्थियों की जिज्ञासा सबसे अधिक पाठ्यक्रम संचालन के विविध आयामों को जानने के बारे में होगी। यह समस्त जानकारियां प्रवेश विवरणिका में है, जिसे इस पत्र के साथ उपलब्ध कराया जा रहा है। विकासखंड समन्वयक उन्मुखीकरण कार्यक्रम में पाठ्यक्रम संचालन के विविध पहलु यथा प्रश्नपत्रों के नाम और संख्या, संपर्क कक्षाओं का कार्यक्रम, अनिवार्य उपस्थिति के प्रावधान, फील्ड वर्क, असाइनमेंट, इंटर्नशिप आदि की जानकारी विषय छात्रों की जिज्ञासा का समाधान करेंगे।
8. नवाचार के रूप में इस शैक्षणिक सत्र से एल.एम्.एस. (लर्निंग मेनेजमेंट सिस्टम) एवं एप्प के माध्यम से भी विभिन्न सुविधाएँ छात्रों को प्राप्त होंगी। अतः इनकी जानकारी छात्रों को देना सुनिश्चित करें। एल.एम्.एस. (लर्निंग मेनेजमेंट सिस्टम) में अध्ययन सामग्री के अलावा अभ्यास के प्रश्न, प्रदत्त कार्य, मोड्यूल से सम्बंधित दृश्य/श्रव्य व्याख्यान तथा अन्य डिजिटल स्त्रोतों से जानकारी प्राप्त करने के लिए वेब सन्दर्भ उपलब्ध रहेंगे।
9. ऑनलाइन लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के बारे मे : एलएमएस या लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम शिक्षित करने के लिए एक मंच है। यह शिक्षकों और छात्रों को पारंपरिक कक्षा प्रणाली के बाहर सीखने के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म उपलब्ध कराता है। (विस्तृत जानकारी परिशिष्ट '2' पर संलग्न है)
10. कक्षाओं का क्रम प्रारंभ होगा अतः अगली कक्षा 31 जुलाई 2022 को और उसके बाद प्रत्येक रविवार को लगेंगी।
11. समस्त विकासखंड समन्वयक से अनुरोध है कि वे रूचि लेकर उन्मुखीकरण कार्यक्रम में पंजीकृत विद्यार्थियों एवं पाठ्यक्रम संचालन से जुड़े अन्य लोगों को आमंत्रित करें

परिशिष्ट '1'

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम

Chief Minister's Community Leadership Development Programme (CMCLDP)

प्रवेश विवरणिका

Admission Brochure

समाजकार्य स्नातक पाठ्यक्रम (BSW)

(सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत् विकास)

एवं

समाजकार्य परास्नातक पाठ्यक्रम (MSW)

(सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत् विकास)

महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट

जिला–सतना (मध्यप्रदेश) – 485334

Phone : 07670 - 265622, e-mail : cmcldpcourse@gmail.com

www.cmcldp.org

अनुक्रमणिका

1. प्रस्तावना (Introduction)
2. उद्देश्य (Objectives)
3. समतुल्यता, मान्यता एवं संचालन विधि (Equivalency, Recognition and Procedure)
4. न्यूनतम अर्हता (Minimum Qualifications)
5. आयु सीमा (Age Limit)
6. सीट एवं अवधि (Seats and Duration)
7. प्रवेश अधिसूचना (Admission Notice)
8. आवेदन करने की विधि (Procedure to Apply)
9. संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज (Documents to be Attached)
10. आवेदनपत्र निरस्त करने के कारण (Reasons for Rejection)
11. नामांकन/पंजीयन प्रक्रिया (Enrollment/Registration Procedure)
12. शिक्षार्थी सहायता केन्द्र (Learner Support Centers)
13. स्व–अध्ययन सामग्री (Self-Learning Material)
14. संरचना एवं प्रश्नपत्र चयन (Structure of Programme and Selection of Courses)
15. मूक या अन्य पाठ्यक्रमों के चयन का विकल्प (Choice to select the MOOC or other Courses)
16. अकादमिक कैलेण्डर एवं समय–सारणी (Academic Calendar and Time Table)
17. सम्पर्क कक्षाएँ (Contact Classes)
18. उपस्थिति (Attendance)
19. सामुदायिक प्रयोगशाला के रूप में ग्राम/क्षेत्र (Villages/Areas as Community Laboratories)
20. व्यावहारिक अभ्यास कार्य (Field Work Practice) : Assignments, Field Work and Internship
21. व्यावहारिक अभ्यास कार्य का प्रतिवेदन लेखन (Report Writing of Field Work)
22. आन्तरिक मूल्यांकन/सी.सी.ई. (Continuous Comprehensive Evaluation)
23. वार्षिक परीक्षा (Annual Examination)
24. व्यावहारिक अभ्यास कार्य मूल्यांकन (Evaluation of Field Work)
25. वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन (Conduction of Annual Exam)
26. परिणामों की घोषणा (Announcement of Results)
27. उत्तीर्ण एवं श्रेणी (Pass and Category)
28. पुनर्परीक्षा (Repeat Examination)
29. अनुचित साधन (Unfair Means)
30. पुनर्गणना (Retotaling)
31. कृपांक (Grace Marks)
32. परीक्षा परिणाम सम्बन्धी स्पष्टीकरण (Clarifications related to Results)
33. खण्ड–2 : विषय/प्रश्नपत्रों का विस्तृत विवरण

1. प्रस्तावना (Introduction)

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम (सी.एम.सी.एल.डी.पी.) मध्यप्रदेश शासन की एक महत्वाकांक्षी और अभिनव पहल है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में वंचित और उपेक्षित समुदाय को शासकीय योजनाओं के माध्यम से जीवन स्तर में सुधार लाकर समाज को सक्षम नेतृत्व प्रदान करने हेतु प्रशिक्षित समूह तैयार करना है।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने विकास को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया है। हमारे लोकप्रिय मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह चौहान ने **'आओ बनायें स्वर्णिम मध्यप्रदेश'** का संकल्प लिया है। विकास की मुख्य धारा से समाज को जोड़ने के लिए केन्द्र और राज्य शासन की अनेक हितग्राही मूलक योजनायें हैं। जिनमें आम और जरूरतमंद लोगों की सहभागिता सुनिश्चित कर हम विकास को जन भागीदारी और समुदाय भागीदारी आधारित बना सकते हैं। इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए सिर्फ शासकीय प्रयास ही पर्याप्त नहीं हैं। समुदाय की भी सक्रिय और सकारात्मक भूमिका आवश्यक है। मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम जनसहभागिता आधारित विकास कार्य को सुनिश्चित करने के लिए क्षमतावान नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करने का आधुनिक प्रकल्प है।

शिक्षा को समाज एवं राष्ट्र की अवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिए नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 भारत सरकार द्वारा निर्मित एवं अंगीकृत की गयी है। मध्यप्रदेश पहला राज्य है जिसमे राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सबसे पहले लागू किया है। साथ ही इसके समुचित क्रियान्वयन के लिए सफल एवं समर्पित प्रयास भी किया है। इसी कड़ी में महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय और मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद जनभागीदारी आधारित विकास के लक्ष्य की पूर्ति की दिशा में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास' के संदेशों के साथ विकास का लाभ समाज के अन्तिम व्यक्ति को प्रदान करने हेतु भारत सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 एवं मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्मित एवं अंगीकृत प्रावधानों के आलोक में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत समाज कार्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास में विशेषज्ञता सहित) का निर्माण और संचालन करने जा रही है।

सतत् विकास लक्ष्यों की प्राप्ति का संकल्प सितम्बर 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन में 193 सदस्य राष्ट्रों द्वारा अपनाया गया। 17 एसडीजी लक्ष्य और 169 टॉर्गेट निर्धारित किये गये। दुनियाँ को बदलने के लिये इस संकल्प को 01 जनवरी 2016 से प्रभाव में लाया गया। वर्ष 2030 तक प्रत्येक देश एवं प्रदेश को भी इन लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करना है। प्रदेश के सामाजिक–आर्थिक विकास के लिये मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्तमान में 200 से अधिक योजनाएँ तथा केन्द्र सरकार एवं अन्य अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा भी 100 से अधिक योजनाएँ चलाई जा रही हैं। इनमें से अधिकाँश योजनाएँ समाज के कमजोर वर्गों विशेष रूप से महिलाओं के उत्थान, वंचित वर्गों के सशक्तिकरण

एवं उनके प्रति समाज में सकारात्मक भावना विकसित करने हेतु संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक तभी पहुँचाया जा सकता है, जब इनके क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण में समाज की भागीदारी सुनिश्चित हो।

प्रत्येक समाज में कुछ ऐसे लोग होते हैं, जो स्वेच्छा से समाज के विकास एवं उत्थान के लिए कार्यरत होते हैं। यदि ऐसे लोगों को चिन्हित कर जागरूक, क्षमता सम्पन्न एवं सशक्त कर दिया जाए तो वे अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित तरीके से समाज के विकास के लिए कार्य कर सकेंगे। ऐसे ही स्व–प्रेरणा से प्रयासरत लोगों को शिक्षित कर सशक्त सामाजिक नेतृत्वकर्ता के रूप में विकसित करने हेतु मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम का मूल उद्देश्य स्वप्रेरणा से ग्राम विकास में योगदान के अभिलाषी नवयुवकों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास और सामाजिक हितों में उनका अधिकतम उपयोग है। जिससे वे सतत् विकास लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में सकारात्मक सहयोग प्रदान कर सकें।

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट द्वारा स्थानीय स्तर पर युवकों विशेषकर महिलाओं को एक दीर्घकालीन सघन अकादमिक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से समाज कार्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास में विशेषज्ञता सहित) का संचालन किया जा रहा है, जिससे गाँव के क्षमतावान नवयुवक एवं नवयुवतियाँ समुदाय की भागीदारी प्राप्त कर विकासात्मक गतिविधियों हेतु नेतृत्व प्रदान करेंगे। वे शासन की जन–कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में सक्रिय प्रेरक की भूमिका निभायेंगे और विकास अभिकर्ता का कार्य करेंगे, साथ ही समाज कार्य के क्षेत्र में अपने ज्ञान, अनुभव और कौशल का उपयोग कर अच्छे भावी जीवन का निर्माण भी कर सकेंगे।

समाज कार्य स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रम महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के माध्यम से प्रदेश के समस्त 313 विकास खण्डों में अध्ययन–सह–प्रशिक्षण केन्द्रों से संचालित किया जा रहा है। अपने ग्राम को ही समाज कार्य की व्यावहारिक प्रयोगशाला मानकर शिक्षार्थी उसमें विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु समुदाय की भागीदारी से प्रयास करेंगे और इस कार्य में शासकीय योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुँचा कर शासकीय विभागों के साथ व्यवहारिक कार्यानुभव प्राप्त कर स्वयं को दक्ष और निपुण बनायेंगे।

2. उद्देश्य (Objectives)

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत संचालित महात्मा गॉधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं उच्च शिक्षा विभाग से समन्वय करके 313 विकासखण्डों के मुख्यालयों पर स्थित शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययन केन्द्रस्थापित कर प्रत्येक रविवार को संपर्क कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। विद्यार्थियों के लिए गैर–सरकारी संगठनो में कार्यरत

अनुभवी सामाजिक कार्यकर्ताओं को चयनित कर गॉवों में प्रायोगिक कार्य हेतु मार्गदर्शन उपलब्ध किया जाता है। 2015 से अब तक इस पाठ्यक्रम में 1,25,000 छात्रों ने प्रवेश लेकर सफलता प्राप्त कर लिया है। एवं उनमें से 66 प्रतिशत छात्रों ने स्नातक की उपाधि अर्जित किया है। विगत वर्षो में इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन से प्राप्त अनुभवों के आधार पर एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के अनुक्रम में आवश्यक सुधारों को समाहित करते हुए इसे क्रियान्वित किया जा रहा है। इस पाठ्यक्रम के क्रियान्वयन के प्रमुख उद्देश्य निम्नांकित हैं–

1. शासकीय विभागों एवं गैर सरकारी संगठनो के लिए सामाजिक क्षेत्रों में कार्य करने हेतु सक्षम एवं प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराना।
2. ऐसे प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करना जो विकास गतिविधियों से जुड़े सामाजिक उद्यमियों, सामुदायिक संगठनों के मध्य शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु सामाजिक उद्यमी एवं प्रशिक्षित कार्यकर्ता के रूप मेंसार्थक भूमिका का निर्वहन करेंगे।
3. सकल नामांकन दर की वृद्धि के लिए उच्च शिक्षा से वंचित छात्रों को इस पाठ्यक्रम से जोडकर उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना।
4. वंचित समूहों यथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिलाओं तथा गरीबी रेखा से नीचे व ड्राप आउट विद्यार्थियों के लिएभी समय और ससांधन की सीमाओं में उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना।
5. सतत विकास लक्ष्यों एवं आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश (ANMP-2023)के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु स्थानीय संसाधनों पर आधारित विकास मॉडल तैयार करने के लिए विद्यार्थियों में बौद्धिक क्षमता विकसित करना।
6. आत्म–निर्भर आदर्श ग्राम के निर्माण हेतु सामुदायिक क्षमता का विकास करना।

3. समतुल्यता, मान्यता एवं संचालन विधि (Equivalency, Recognition and Procedure)

यह पाठ्यक्रम उच्च शिक्षा के सर्वोच्च निकाय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (University Grants Commission - UGC) नई दिल्ली के दूरवर्ती माध्यम(Open and Distance Learning - ODL) से संचालित पाठ्यक्रमोंके लिए गठित मान्यतादायी निकाय दूरवर्ती शिक्षा ब्यूरो (Distance Education Bureau - DEB) से मान्यता प्राप्त है। पाठ्यक्रम के अध्ययन विषय/प्रश्नपत्र विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मॉडल कैरिकुलम (Model Curriculum) एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अनुरूप तैयार किये गये हैं। पाठ्यक्रम अन्य विश्वविद्यालयों में संचालित समाजकार्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के समतुल्य है। पाठ्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के दूरवर्ती अध्ययन एवं सतत शिक्षा केन्द्र के अंतर्गत **ओपेन एण्ड डिस्टेंस लर्निंग पद्धति** से किया जा रहा है। पाठ्यक्रम का संचालन मॉड्यूलर शैली में होगा। अर्थात प्रथम वर्ष उत्तीर्ण करने पर समाज कार्य में प्रमाणपत्र (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास में विशेषज्ञता सहित)Certificate in Social Work (with Specialisation in Community Leadership and Sustainable Development)] द्वितीय वर्ष उत्तीर्ण करने पर समाजकार्य में पत्रोपाधि (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास में विशेषज्ञता सहित)Diploma in Social Work (with Specialisahtion in Community Leadershipand Sustainable

Development)] और तृतीय वर्ष उत्तीर्ण करने पर समाजकार्य में स्नातक उपाधि (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास में विशेषज्ञता सहित)Bachelor of Social Work (with Specialisation in Community Leadershipand Sustainable Development) प्रदान की जायेगी। चतुर्थ वर्ष में वे ही शिक्षार्थी प्रवेश की पात्रता रखेगा, जिसे तृतीय वर्ष में 7.5 से अधिक OGPAप्राप्त हुआ हो। जो छात्र पंचम वर्ष सफलतापूर्वक पूरा कर निर्धारित क्रेडिट अर्जित करेंगे, उन्हें समाज कार्य में परास्नातक उपाधि(सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास में विशेषज्ञता सहित)Masterof Social Work (with Specialisation in Community Leadershipand Sustainable Development)प्रदान की जायेगी।

इस पाठ्यक्रम की विषयवस्तु का लाभ व्यापक अर्थों में शिक्षार्थियों को मिल सके इस दृष्टि से राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्रावधानों का अनुसरण करते हुए विश्वविद्यालय ने शिक्षार्थियों की आवश्यकता, योग्यता और रूचि के अनुरूप अनेक प्रमाणपत्र और पत्रोपाधि स्तर के पाठ्यक्रम भी प्रस्तावित किये हैं। ऐसे पाठ्य विषयों को स्वतंत्र पाठ्यक्रमों के रूप में (Stand Alone Courses)के रूप में मान्य किया है। जिन्हें किसी भी विश्वविद्यालय में किसी भी पाठ्यक्रम में पंजीकृत शिक्षार्थी समुदाय कार्य (Community Engagement) के अंतर्गत इन पाठ्यक्रमों के प्रश्नपत्र पढ़ना चाहते हैं, तो उन्हें इस विश्वविद्यालय में पंजीकरण कराकर निर्धारित शुल्क जमा कर यह सुविधा प्राप्त हो सकती है। शिक्षार्थी द्वारा इन प्रश्नपत्रों से अर्जित क्रेडिट अन्य विश्वविद्यालय/शिक्षण निकायों को ट्रांसफर की जा सकती हैं, जो उनकी अंकसूची में प्रत्यक्षतः प्रदर्शित होंगी। शासकीय निकायों, स्वैच्छिक संगठनों या विकास के अन्य किसी आयामों में कार्यरत व्यक्ति अपनी योग्यता क्षमता संवर्द्धन हेतु इन पाठ्यक्रमों का लाभ लेना चाहते हैं, तो वे भी निर्धारित विषय पंजीकरण कर और निर्धारित शुल्क जमा कर पूर्ण कर सकते हैं। यदि कोई शिक्षार्थी अपनी आवश्यकता और रूचि के आधार पर कोई प्रश्नपत्र पढ़ता है और बाद में उसे यह लगता है कि उसे समाज कार्य का स्नातक या परास्नातक पाठ्यक्रम भी कर लेना चाहिए तो यह विश्वविद्यालय ऐसे शिक्षार्थियों को पंजीकरण और निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरांत निर्धारित क्रेडिट प्राप्त कर स्नातक या परास्नातक उपाधि के लिए अवसर प्रदान करेगा। इस प्रकार कोई भी शिक्षार्थी इस पाठ्यक्रम का लाभ विविध रूपों में प्राप्त कर सकता है।

समाज कार्य (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास)



4. न्यूनतम अर्हता (Minimum Qualifications)

समाज कार्य स्नातक पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु न्यूनतम् अर्हता बोर्ड आफ सेकेण्डरी एजुकेशन, म.प्र.भोपाल या अन्य समकक्ष किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/मण्डल/परिषद से 10+2 (इण्टरमीडिएट) परीक्षा उत्तीर्ण होना है। प्रवेश केवल पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रदान किये जायेंगे अर्थात पाठ्यक्रम में किसी भी प्रकार की लेटरल इंट्री मान्य नहीं है। स्वतंत्र विषय के रूप में प्रश्नपत्रों का चयन करने वाले शिक्षार्थियों के लिए जिस स्तर के प्रश्नपत्र का चयन वे कर रहे हैं, उस स्तर की निर्धारित अर्हता होना अनिवार्य है।

- **बहु–प्रवेश एवं बहु–निकास व्यवस्था (Multiple Entery and Multiple Exit System)**

यद्यपि पाठ्यक्रम पांच वर्षो का है किन्तु किसी भी वर्ष में प्रवेश की सुविधा होगी। स्तर–5 में प्रवेश की न्यूनतम अर्हता रखने वाला कोई भी छात्र प्रवेश ले सकता है। किन्तु स्तर–6 से स्तर–9 तक इसी पाठ्यक्रम के पूर्व स्तर में सफलतापूर्वक अध्ययन कर उत्तीर्ण छात्र ही प्रवेश ले सकेगा। इसी प्रकार स्तर–5 से स्तर–9 तक प्रत्येक स्तर का निर्धारित क्रेडिट का अध्ययन पाठ्यक्रम करके उत्तीर्ण होकर यदि छात्र अध्ययन छोडता है। तो उसे प्रत्येक स्तर पर जो प्रमाणपत्र प्राप्त होगा उसका विवरण निम्नांकित तालिका में है–

स्तर	न्यूनतम अर्हता	क्रेडिट
स्तर–5	जो छात्र प्रथम वर्ष सफलतापूर्वक पूरा कर निर्धारित क्रेडिट अर्जित कर बाहर जायेंगे उन्हे समाज कार्य में प्रमाणपत्र (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास में विशेषज्ञता सहित) प्रदान किया जायेगा।	40
स्तर–6	जो छात्र द्वितीय वर्ष सफलतापूर्वक पूरा कर निर्धारित क्रेडिट अर्जित कर बाहर जायेंगे उन्हे समाज कार्य में डिप्लोमा (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास में विशेषज्ञता सहित) प्रदान किया जायेगा।	80
स्तर–7	जो छात्र तृतीय वर्ष सफलतापूर्वक पूरा कर निर्धारित क्रेडिट अर्जित कर बाहर जायेंगे उन्हे समाज कार्य में स्नातक उपाधि (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास में विशेषज्ञता सहित) प्रदान की जायेगी।	120
स्तर–8	जो छात्र चतुर्थ वर्ष सफलतापूर्वक पूरा कर निर्धारित क्रेडिट अर्जित कर बाहर जायेंगे उन्हे समाज कार्य में स्नातक उपाधि (आनर्स/रिसर्च) (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास में विशेषज्ञता सहित) प्रदान की जायेगी।	160

स्तर–9	जो छात्र पंचम वर्ष सफलतापूर्वक पूरा कर निर्धारित क्रेडिट अर्जित कर बाहर जायेंगे उन्हे समाज कार्य में परास्नातक उपाधि सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास में विशेषज्ञता सहित प्रदान की जायेगी।	200

5. आयु सीमा (Age Limit)

पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आयु–सीमा का बंधन नहीं होगा। 18 से 45 वर्ष के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता प्रदान की जायेगी। पाठ्यक्रम का मूल उद्देश्य नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। महिलाओं सहित वंचित वर्गों को प्रधानता दी जायेगी।

6. सीट एवं अवधि (Seats and Duration)

वर्तमान में पाठ्यक्रम विकासखण्ड मुख्यालयों पर संचालित है। सीट्स का निर्धारण समय–समय पर विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा। स्नातक स्तर पर उपाधि पाठ्यक्रम को पूर्ण करने की न्यूनतम अवधि तीन/चार वर्ष एवं अधिकतम अवधि सात/आठ वर्ष है। स्नातकोत्तर स्तर पर उपाधि पाठ्यक्रम को पूर्ण करने की न्यूनतम अवधि पॉच वर्ष एवं अधिकतम अवधि नौ वर्ष है।

7. प्रवेश अधिसूचना (Admission Notice)

7.1 पाठ्यक्रम में आवेदन करने के लिए प्रत्येक शैक्षणिक सत्र के प्रारम्भ में विश्वविद्यालय/जनमाध्यमों/वेब माध्यमों में विज्ञापन दिया जायेगा।

7.2 क्षेत्रीय और स्थानीय स्तर पर योग्य अभ्यर्थियों को आकर्षित करने हेतु विविध निकाय विश्वविद्यालय से अनुमति प्राप्त कर शिक्षार्थियों को प्रोत्साहित कर पाठ्यक्रम में सम्मिलित होने हेतु प्रेरित कर सकेंगे।

7.3 ऐसे शासकीय निकाय जो अपने कर्मियों को पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर लाभान्वित कराना चाहते है। प्रायोजित अभ्यर्थी के रूप में विश्वविद्यालय से अनुमति प्राप्त कर प्रवेश ले सकते हैं।

8. आवेदन करने की विधि (Procedure to Apply)

8.1 मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया विकासखंडवार संचालित की जायेगी।

8.2 शिक्षार्थी को अपनी योग्यता, रूचि और आवश्यकता के अनुसार पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए वेब पोर्टल की सूचना शिक्षार्थी को प्रदान की जायेगी।

8.3 इस पाठ्यक्रम का संचालन एवं निगरानी एक अधिकृत वेब पोर्टल के माध्यम से की जायेगी। यह लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टेम (एल.एम.एस.) के रूप में कार्य करेगा। शिक्षार्थियों की सुविधा के लिए

सम्पूर्ण पाठ्यक्रम प्रबंधन के लिए एक मोबाइल एप्प भी होगा। जिससे वांछित जानकारियाँ शिक्षार्थी अपने स्मार्ट फोन से एक्सेस कर सकते हैं।

8.4 आवेदन करने के लिए निर्धारित वेब साइट पर जाकर शिक्षार्थी को बी.एस.डब्ल्यू., एम.एस.डब्ल्यू. किसी एक प्रश्नपत्र या किसी डिप्लोमा/सर्टीफिकेट पाठ्यक्रम के लिए पंजीकरण कराना होगा। इस हेतु ऑन लाइन आवेदन पत्र के साथ शिक्षार्थी को वांछित अभिलेख डिजिटल फार्म में वेब साइट पर अपलोड करने होंगे।

8.5 शिक्षार्थी द्वारा ऑन लाइन जमा किये गये अभिलेखों के आधार पर पात्रता का परीक्षण होगा। न्यूनतम् अर्हता और सीटों की उपलब्धता के आधार पर शिक्षार्थी को प्रवेश का अवसर प्रदान किया जायेगा।

8.6 उपलब्ध सीटों के आधार पर मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा में प्रचलित आरक्षण व्यवस्था का पालन करते हुए छात्रों की वरीयता सूची तैयार की जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित समय में निर्धारित शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। सम्पूर्ण व्यवस्था ऑन लाइन संचालित होगी। शुल्क भी ऑन लाइन जमा करना होगा।

8.7 पंजीकरण के उपरान्त शुल्क जमा कर शिक्षार्थी इस पाठ्यक्रम से जुड़ जायेंगे। और लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टेम के अंतर्गत तथा मोबाइल एप्प में दी जा रही विविध सुविधाओं के पात्र होंगे।

8.8 शिक्षार्थियों को समस्त सूचनायें एल.एम.एस. और एप्प के माध्यम से प्राप्त होंगी। समय–समय पर उन्हें सूचनाओं के मैसेज भी रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर पर प्रेषित किये जायेंगे।

9. संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज (Documents to be Attached)

पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक प्रत्येक अभ्यर्थी को ऑन लाइन आवेदन करने के उपरांत विधिवत और पूर्ण रूप से भरे और निर्धारित शुल्क जमा करने के प्रमाण के साथ विधिवत् अग्रसारित आवेदनपत्र की हार्ड कापीविश्वविद्यालय को प्रेषित करना अनिवार्य होगा। जिसके साथ निम्नांकित दस्तावेजों की प्रमाणित छायाप्रतियाँ संलग्न करना अनिवार्य है–

- दसवीं की अंकसूची एवं प्रमाणपत्र।
- बारहवीं (10+2) की अंकसूची एवं प्रमाणपत्र।
- विशेषज्ञता और क्रेडिट अर्जन के उ्देश्य से पाठ्यक्रम/प्रश्नपत्र/सर्टीफिकेट/डिप्लोमा में प्रवेश के इच्छुक छात्रों को निर्धारित अर्हता का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
- अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाणपत्र एवं आधार कार्ड।
- विवाहित महिलायें उपनाम (सरनेम) परिवर्तित होने की दशा में शपथपत्र अथवा अंतिम अंकसूची जिसमें वांछित नाम और सरनेम दर्ज हो।
- अन्य कोई दस्तावेज जिसके आधार पर रियायत या छूट चाहते हों।

10. आवेदनपत्र निरस्त करने के कारण (Reasons for Rejection)

- दस्तावेजों के बिना जमा किये गये आवेदनपत्र।
- बिना निर्धारित शुल्क अदा किये गये आवेदनपत्र।
- फर्जी बोर्ड/परिषद्/मण्डल द्वारा अर्हता परीक्षा उत्तीर्ण किये गये अभ्यर्थियों के आवेदनपत्र।
- बिना सक्षम अग्रसारण के विश्वविद्यालय को भेजे गये आवेदनपत्र।
- बिना हस्ताक्षर कर विश्वविद्यालय को भेजे गये आवेदनपत्र।

11. नामांकन/पंजीयन प्रक्रिया (Enrollment/Registration Procedure)

निर्धारित समय–सीमा में जो आवेदनपत्र विश्वविद्यालय को निर्धारित प्रारूप में विधिवत् अग्रसारण उपरान्त प्राप्त होंगे। विश्वविद्यालय उन आवेदन पत्रों की स्क्रीनिंग करेगा। स्क्रीनिंग में वैध पाये गये आवेदनपत्र का डिजिटल डेटा तैयार किया जायेगा। इसके पश्चात् अर्ह अभ्यर्थी को इस पाठ्यक्रम में पंजीयन प्रदान किया जायेगा। यह पंजीयन पूरे पाठ्यक्रम के दौरान किसी भी वर्ष में परिवर्तित नहीं होगा। यह अभ्यर्थी के लिए यूनिक आइडेंटीफिकेशन (यू.आई.डी.) कोड के रूप में कार्य करेगा। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय में समस्त पत्राचार इसी कोड को आधार बनाकर करेंगे। यही कोड अभ्यर्थी के लिए परीक्षा में अनुक्रमांक भी होगा।

12. शिक्षार्थी सहायता केन्द्र (Learner Support Centers)

12.1 पाठ्यक्रम ओपेन एण्ड डिस्टेंस लर्निंग पद्धति से संचालित होना है। अतः अकादमिक गतिविधियों के समुचित और सुचारु संचालन हेतु प्रत्येक अभ्यर्थी को एक शिक्षार्थी सहायता केन्द्र (अध्ययन केन्द्र) आवंटित किया जायेगा। अभ्यर्थी की समस्त अकादमिक गतिविधियाँ उसी केन्द्र में सम्पन्न की जायेगी। आवश्यकतानुसार इसे परिवर्तित करने की स्थिति में अभ्यर्थी को पूर्व से ही सूचित किया जायेगा।

12.2 जिस जिला व विकासखण्ड के शिक्षार्थी होंगे उस जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर शासकीय महाविद्यालय अथवा उत्कृष्ट विद्यालय उनके शिक्षार्थी सहायता केन्द्र (अध्ययन केन्द्र) होंगे। विशेष परिस्थितियों में विश्वविद्यालय से पूर्व अनुमति प्राप्त कर अध्ययन केन्द्र अन्यत्र भी संचालित किये जा सकेंगे।

12.3 शिक्षार्थी सहायता केन्द्र (अध्ययन केन्द्रों) को विश्वविद्यालय अपने पंजीकृत अध्ययन केन्द्रों के रूप में मान्य कर अकादमिक गतिविधियों को संपन्न कराने हेतु अधिकृत करेगा।

12.4 पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय की वैधानिक परिसीमा, सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में प्रदेश शासन के निर्देशानुसार म.प्र. जन अभियान परिषद के सहयोग से संचालित किये जायेंगे।

12.5 पाठ्यक्रम संचालन हेतु किसी भी निजी संस्था या संगठन को किसी प्रकार का दायित्व नहीं सौंपा गया है। पाठ्यक्रम संचालन हेतु कोई भी फ्रेंचाइजी व्यवस्था नहीं है।

13. स्व–अध्ययन सामग्री (Self-Learning Material)

13.1 पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थी का नामांकन/पंजीयन और अध्ययन केन्द्र निर्धारित हो जाने पर संबंधित पाठ्य विषयों की मुद्रित अध्ययन सामग्री प्रत्येक अभ्यर्थी को प्रदान की जायेगी। इस सामग्री के माध्यम से अध्ययन के साथ ही साथ विद्यार्थी अपने प्रगति की समीक्षा भी कर सकेंगे।

13.2 पंजीयन उपरान्त विद्यार्थियों को लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम (LMS) के माध्यम से CMCLDP Portal के द्वारा मोबाइल एप्प के माध्यम से पाठ्यक्रम की गतिविधियों से जोड़ा जायेगा। जिसमें अध्ययन सामग्री चार चतुर्थांशों (Four Quardrent) में उपलब्ध रहेगी। जिससे माध्यम से शिक्षार्थी विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई शिक्षण सामग्री के साथ–साथ अन्य लर्निंग रिसोर्सेज पर उपलब्ध अध्ययन सामग्री को भी एक्सेस कर सकेगा।

14. पाठ्यक्रम की संरचना एवं प्रश्नपत्र चयन (Structure of Programme and Selection of Courses)

14.1 राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 एवं उच्चशिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के अध्यादेश14(B) के सुसंगत प्रावधानों के अनुरूप इस पाठ्यक्रम को तैयार किया गया है। इस पाठ्यक्रम के लिये विश्वविद्यालय द्वारा पृथक से एक अध्यादेश बनाया गया है जो राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग सहित विश्वविद्यालय के समस्त संवैधानिक निकायों से स्वीकृत है। अध्यादेश के प्रावधानों के अनुसार स्नातक और परा–स्नातक स्तर पर शिक्षार्थी को प्रश्न–पत्रों के अलग–अलग संकुल (बास्केट) में से निम्नानुसार विषय/प्रश्न–पत्रों का चयन करना होगा।

क्र.	प्रश्नपत्र/विषय की प्रकृति	प्रश्नपत्र/विषय की संख्या	क्रेडिट
1	मुख्य विषय(Major)	02	56
2	गौण विषय(Minor)	01	26
3	वैकल्पिक विषय(Generic Electives)	01	18
4	कौशल/व्यावसायिक विषय(Skill Enhancement Course/Vocational Course)	01	12
5	क्षमता संवर्धन/आधार पाठ्यक्रम (Ability Enhancement Course/Foundation Course)	01	24
6	व्यावहारिक/प्रायोगिक कार्य (Field Project/Internship/Apprenticeship /Community Engagement and Services)	01	24
Total			**160**

पाठ्यक्रम के अध्यादेश के प्रावधानों के अनुसार वार्षिक पद्धति से संचालित होने वाले पाठ्यक्रम में विषय/प्रश्नपत्र, सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक तथा आंतरिक एवं बाह्य अंकों की संरचना निम्नानुसार होगी–

Structure of Credit Course (Yearly System)

SN	Course (Credit)	Course Type	Credits Allocated			Distribution of Theory Marks		Distribution of Practical Marks		Tutorial Marks
			Theory	Practical	Tutorial	Internals (Through CCE)	External (Year and Exam)	Internal	External Year End Practical Exam)	
1	Core/GE/DSE(6)	Type-1	6	NA	NA	30	70	NA	NA	NA
2	Core//DSE/GE(6)	Type-2	4	2	NA	30	70	NA	100	NA
3	Core//DSE/GE(6)	Type-3	2	4	NA	30	70	50 (through CCE)	50	NA
4	Core//DSE/GE(6)	Type-4	5	NA	1	30	70	NA	NA	100
5	Core/SEC (Vocational Course) (4)	Type -1	4	0	NA	30	70	Na	NA	NA
6	Core/SEC (Vocational Course) (4)	Type-2	3	1(P,T,W,etc)	NA	30	70	NA	100	NA
7	Core/SEC (Vocational Course) (4)	Type-3	1	3(P,T,W,etc)	NA	NA	100	50 (through CCE)	50	NA
8	DSE/SEC(Vocational Course) (4)	Type-4	3	NA	1	30	17	`NA	NA	100
9	AECC (Foundation Course) (4)	Type-1	4	NA	1	30	70	NA	NA	100
10	AECC (Foundation Course) (4)	Type-2	2	2	NA	NA	50	NA	50	NA
11	Field-Projects/Internship/Apprenticeship/ Community engagement & service (4/6)	NA	(i) Field-project/Internship/Apprenticeship /community engagement & Service 3/4 credit (75 Marks) (ii) Evaluation of report ½ credit (25 Marks)							
12	Research Methodology (4)	Type-4	3	NA	1	30	70	NA	NA	100
13	Dissertation/Research Project (4/6)	NA	Evaluation of thesis 2/4 credits 50 Marks + pre submission viva-vice 1/1credit (25 marks + external viva-vice 1/1 Credit 25 marks							

स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम की संरचना (वार्षिक पद्धति)

Structure for Under-graduate Programme: Annual System

Year	Main Faculty (as per prerequisite)		Any Faculty	Skill Enhancement Course (SEC)	Ability Enhancement Course (AEC)	Field Project/ apprenticeship/ Internship/ community	Credits in year	Qualification (Credit Requirement)
	Subject I	Subject II	Subject III					

Level	year	Major	Minor	Generic Elective Course	Vocational Course	Fundamental Course	engagement and Service		
							Inter/ intra Faculty		
		No of Course (Credits)	No of Course (Credits)	No of Course (Credit)	No of Course (Credit)	No of Course (Credit)	No of Course (Credit)		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
Level 5	1	1. समाज कार्य का परिचय, उद्भव एवं विकास– 6	विकास की समस्याएं एवं मुद्दे– 6	वैकल्पिक धारा में से किसी एक का प्रश्न पत्र–1 – 6	व्यावसायिक पाठ्यक्रम में से कोई–4	1. हिन्दी–2 2. अंग्रजी–2	04	40	40 Undergraduate Certificate in
		2. समाज कार्य एवं अन्य विचारधाराएँ – 6				3. पर्यावरण अध्ययन– 2 4. योग एवं ध्यान– 2			
Level 6	2	1. समाज कार्य की पद्धतियॉ– 6	विकास– 6	वैकल्पिक धारा में से किसी एक का प्रश्न पत्र–2 – 6	व्यावसायिक पाठ्यक्रम में से कोई–4	1. हिन्दी–2 2. अंग्रजी–2	04	40	80 Undergraduate Diploma in
		2. व्यावसाायिक समाज कार्य– 6				3. स्टार्ट अप एवंउद्यमिता 4. महिलास शक्तिकरण– 2			
Level 7	3	1. समाजिक वैयक्तिक सेवा कार्य एवं परामर्श– 6	संचार– 6	वैकल्पिक धारा में से किसी एक का प्रश्न पत्र– 3 – 6	व्यावसायिक पाठ्यक्रम में से कोई एक –4	1. हिन्दी–2 2. अंग्रजी–2	04	40	120 Bachelor Degree
		1. समाजिक मनोविज्ञान– 6				3. डिजिटल जागरूकता– 2 4. व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण–2			
Level 8	4	1. समाजिक सामूहिक कार्य (समूह एवं संस्थायें)– 6	शोध प्रविधि– 6	वैकल्पिक धारा में से किसी एक का प्रश्न पत्र–4 – 6			apprenticeship/ Internship or Research Project - 10	40	160 Bachelor Degree (Honours) Bachelor Degree (Research)
		1. समाज कार्य अभ्यास के क्षेत्र – 6	स्तत विकास के आयाम– 6						
Total Credits		**48**	**30**	**24**	**12**	**24**	**22**	**160**	

परा–स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम की संरचना (वार्षिक पद्धति)

Structure for Post-graduate Programme: Annual System

Year	Main Faculty (as per prerequisite)	Any Faculty	Skill Enhancement	Ability Enhancement	Field Project/ apprenticeship/	Credits	Qualification (Credit Require

		Subject I	Subject II	Subject III	Course (SEC)	Course (AEC)	Internship/ community engagement and Service		
Level	year	Major	Minor	Generic Elective Course	Vocational Course	Fundamental Course	Inter/ intra Faculty		
		No of Course (Credits)	No of Course (Credits)	No of Course (Credit)	No of Course (Credit)	No of Course (Credit)	No of Course (Credit)		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
Level 8	4	1. समाजिक सामूहिक कार्य (समूह एवं संस्थायें)–6	शोध प्रविधि– 6	वैकल्पिक धारा मे से किसी एक का प्रश्न पत्र– 4–6			apprenticeship/ Internship or Research Project - 10	40	160 Bachelor Degree (Honors) Bachelor Degree (Research)
		1. समाज कार्य अभ्यास के क्षेत्र – 6	सतत विकास के आयाम–6						
Level 9	5	सामुदायिक कार्य एवं सामाजिक क्रिया– 6 2. सामाजिक शोध एवं सांख्यिकी– 6	1. सामाजिक सुरक्षा एवं सुधार– 6 2. संगठित एवं असंगठित श्रमिकों के साथ समाज कार्य– 6	वैकल्पिक धारा में से किसी एक का प्रश्न पत्र–5–6			Dissertation/apprenticeship/ Internship or Research Project - 10	40	Master Degree
Total Credits		**24**	**24**	**12**			**20**	**80**	

अनिवार्य, वैकल्पिक, व्यावसायिक एवं आधार पाठ्यक्रम के विषय

(अ) **अनिवार्य विषय** (Major Courses)– **समाज कार्य** (Social Work): समाजकार्य स्नातक एवं परास्नातक की उपाधि के लिए मुख्य/अनिवार्य (Major/Core) विषय समाजकार्य है। समाजकार्य के 10 प्रश्नपत्र अनिवार्य धारा के मुख्य विषय (Major Subject) होंगे। शिक्षार्थी को इनमें से **किन्हीं दो** विषयों/प्रश्नपत्रों का चुनाव प्रत्येक वर्ष के लिये करना होगा। समाजकार्य धारा से चुनने के लिये शिक्षार्थी के पास निम्नलिखित विकल्प उपलब्ध होंगे :

क्रम	विषय/प्रश्नपत्र	क्रेडिट
1	समाज कार्य का परिचय	**6 (6+0)**

2	समाज कार्य के अन्य अवधारणाएं	**6 (6+0)**
3	समाज कार्य की पद्धतियाँ	**6 (3+3)**
4	भारतीय परिप्रेक्ष्य में व्यावसायिक समाज कार्य	**6 (6+0)**
5	सामाजिक वैयक्तिक सेवा कार्य एवं परामर्श	**6 (3+3)**
6	सामाजिक मनोविज्ञान	**6 (6+0)**
7	सामाजिक सामूहिक कार्य (समूह एवं संस्थाएं)	**6 (3+3)**
8	समाज कार्य अभ्यास के क्षेत्र	**6 (3+3)**
9	सामुदायिक संगठन (सामुदायिक कार्य एवं सामाजिक क्रिया)	**6 (3+3)**
10	सामाजिक शोध एवं सांख्यिकी	**6 (6+0)**

(ब) **गौण विषय** (Minor Courses)– **विकास, सामुदायिक नेतृत्व, संचार** (Development, Community Leadership, Communication) : अनिवार्य विषय के साथ शिक्षार्थी को एक गौण (Minor) विषय का चयन भी करना होगा। यह पाठ्यक्रम मुख्य रूप से विकास, नेतृत्व एवं संचार की त्रिवेणी पर केन्द्रित है। अतः पाठ्यक्रम को समग्रता में समझने के लिये इन्हें जानना भी आवश्यक है। अतः पाठ्यक्रम की संरचना में अनिवार्य विषयों की श्रृंखला के अंतर्गत गौण विषय के रूप में निम्नलिखित पांच प्रश्नों को रखा गया है। जिसमें से प्रत्येक वर्ष शिक्षार्थी को एक विषय लेना अनिवार्य होगा।

क्रम	विषय/प्रश्नपत्र	क्रेडिट
1	विकास की अवधारणा एवं क्रियान्वयन	**6 (6+0)**
2	सामुदायिक नेतृत्व	**6 (6+0)**
3	विकास के लिए संचार	**6 (3+3)**
4	सतत विकास	**6 (3+3)**
5	जीवन कौशल शिक्षा	**6 (3+3)**

(स) **वैकल्पिक विषय** (Generic Electives) : राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सबसे प्रमुख प्रावधानों में से एक है अध्ययन विषय के चयन के लिये विकल्पों की बहुलता। इस पाठ्यक्रम में विकास विषयक सभी आयामों को पर्याप्त और उचित प्रतिनिधित्व मिले, इस दृष्टि से दस आयामों पर मुख्य विषय के साथ एक वैकल्पिक विषय के चयन की उपलब्धता होगी। यह मुख्य विषयों की गुणवत्ता को बढ़ाने में सहायक होंगी।वैकल्पिक विषय के उपलब्ध किसी भी आयाम में से शिक्षार्थी को प्रतिवर्ष एक विषय/प्रश्न–पत्र का चयन करना होगा। इसके अन्तर्गत विषय के चयन के लिए बहुत सारे विकल्प उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत वैकल्पिक विषयों की दस धाराओं में पांच–पांच प्रश्नपत्रों के बास्केट तैयार किये गये हैं। छात्र एवं अपनी रूचि एवं आवश्यकता के

अनुसार किसी भी बास्केट से एक विषय चयनित कर सकता है। शिक्षार्थी वैकल्पिक विषय में अपने मूल विषय से मिलते–जुलते विकल्प का चयन कर सकता है अथवा किसी अन्य अध्ययन आयाम को चुन सकता है। वैकल्पिक विषयों के दस आयामों में से शिक्षार्थी किसी एक आयाम के एक विषय को प्रतिवर्ष चुनेगा। जिस आयाम को प्रथम वर्ष में लेगा। उसी से सम्बन्धित प्रश्न–पत्र आगे के वर्षों में लेना अनिवार्य होगा।

- **पंचायतीराज एवं ग्रामस्वराज**

क्रम	विषय/प्रश्नपत्र	क्रेडिट
1	पंचायती राजः अवधारणा और क्रियान्वयन	**6 (6+0)**
2	विकेन्द्रीकरण नियोजन, बजट निर्माण एवं सहभागी विकास	**6 (6+0)**
3	ग्रामीण प्रौद्योगिकी	**6 (3+3)**
4	सामाजिक अंकेक्षण	**6 (3+3)**
5	पंचायतीराज में चुनौतियाँ एवं समाधान के लिये नवाचार	**6 (3+3)**

- **महिला एवं बाल विकास**

क्रम	विषय/प्रश्नपत्र	क्रेडिट
1	महिला सशक्तिकरण	**6 (6+0)**
2	पोषण और स्वास्थ्य	**6 (6+0)**
3	बाल विकास सुरक्षा और शिक्षा	**6 (3+3)**
4	लैंगिक समानता एवं महिलाओं के विरूद्ध अपराध	**6 (3+3)**
5	बाल सुरक्षा प्रावधान और चुनौतियां	**6 (3+3)**

- **प्राकृतिक एवं अक्षय कृषि**

क्रम	विषय/प्रश्नपत्र	क्रेडिट
1	कृषि प्रणाली और सतत् कृषि	**6 (6+0)**
2	प्राकृतिक एवं जैविक खेती	**6 (3+3)**
3	कृषि प्रसंस्करण एवं विपणन	**6 (6+0)**
4	उद्यानिकी एवं विकास	**6 (3+3)**
5	पशुपालन एवं प्रबंधन	**6 (6+0)**

- **पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधन**

क्रम	विषय/प्रश्नपत्र	क्रेडिट
1	पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास	**6 (3+3)**
2	पर्यावरण प्रदूषण : कारण एवं निवारण	**6 (3+3)**

3	प्राकृतिक संसाधनो का प्रबंधन : महत्त्व और प्रयास	**6 (3+3)**
4	वाटरशेड प्रबंधन : जल संकट का वैज्ञानिक समाधान	**6 (3+3)**
5	ऊर्जा संरक्षण और गैर–परम्परागत ऊर्जा स्त्रोत विकास	**6 (3+3)**

- **स्वैच्छिकता एवं विकास**

क्रम	विषय / प्रश्नपत्र	क्रेडिट
1	स्वैच्छिकता: अवधारणा एवं पृष्ठभूमि	**6 (6+0)**
2	स्वैच्छिक संगठनों का गठन एवं प्रबंधन	**6 (6+0)**
3	परियोजना नियोजन एवं प्रबंधन	**6 (3+3)**
4	आपदा प्रबंधन	**6 (3+3)**
5	निगमीय सामाजिक उत्तरदायित्व	**6 (6+0)**

- **आजीविका एवं कौशल**

क्रम	विषय / प्रश्नपत्र	क्रेडिट
1	उद्यमिता विकास	**6 (3+3)**
2	वित्त प्रबंधन	**6 (3+3)**
3	उपयुक्त प्रौद्योगिकी	**6 (3+3)**
4	परियोजना नियोजन एवं प्रबंधन	**6 (3+3)**
5	विपणन प्रबंधन	**6 (3+3)**

- **स्वच्छता एवं स्वास्थ्य**

क्रम	विषय / प्रश्नपत्र	क्रेडिट
1	मानव जीवन और स्वच्छता	**6 (6+0)**
2	सूक्ष्म स्वच्छ भारत चरण–2 (अपशिष्ट प्रबंधन एवं ओडीएफ प्लस ग्राम)	**6 (3+3)**
3	पेयजल प्रबंधन	**6 (6+0)**
4	आजीवन स्वास्थ्य और भारतीय चिकित्सा पद्धतियां	**6 (3+3)**
5	योग एवं स्वास्थ्य	**6 (2+4)**

- **विधिक विशेषज्ञता**

क्रम	विषय / प्रश्नपत्र	क्रेडिट
1	भारतीय संविधान एवं न्यायिक प्रक्रिया	**6 (6+0)**
2	विधिक सेवायें एवं विधिक सहायता तंत्र	**6 (6+0)**
3	महिला, किशोर एवं बाल अधिकारों का संरक्षण	**6 (6+0)**

4	वंचित/विशेष वर्गों के लिए न्याय	**6 (3+3)**
5	जन–अधिकारों का संरक्षण	**6 (3+3)**

- **संस्कृति, कला एवं देशज ज्ञान**

क्रम	विषय/प्रश्नपत्र	क्रेडिट
1	कला एवं संस्कृति	**6 (6+0)**
2	संस्कृति के मूलतत्व	**6 (6+0)**
3	कला के विविध आयाम	**6 (3+3)**
4	सांस्कृतिक परम्परा एवं देशज ज्ञान	**6 (3+3)**
5	कला संस्कृति : संरक्षण एवं संवर्द्धन	**6 (6+0)**

- **सामाजिक समरसता**

क्रम	विषय/प्रश्नपत्र	क्रेडिट
1	समाज और संस्कृति	**6 (6+0)**
2	समाज और परम्परा	**6 (6+0)**
3	समरसता के संस्थागत प्रयास	**6 (6+0)**
4	सामाजिक समरसता एवं संविधान	**6 (6+0)**
5	पाश्चात्य देशों में रंगभेद संघर्ष और परिणाम	**6 (6+0)**

(द) **व्यावसायिक पाठ्यक्रम (Skill Enhancement Course/Vocational Course)**: उच्च शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में व्यावसायिक एवं कौशल दक्षता संवर्धन के पाठ्यक्रमों पर बल दिया गया है। मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग ने इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाकर सामान्य शैक्षणिक विषयों के साथ ही व्यावसायिक एवं कौशल दक्षता संवर्धन के पाठ्यक्रमों को स्नातक एवं स्नातकोत्तर के पाठ्यक्रमों का सबसे महत्वपूर्ण एवं प्रभावी अंग बनाया है। प्रथम चरण में मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा चयनित 25 व्यावसायिक विषयों को अंगीकृत किया गया है इनका चयन केन्द्र स्तर पर उपलब्ध कौशल उन्नयन केन्द्र की सुविधा को ध्यान में रखकर किया जायेगा। जिन 25 विषयों को प्रथम चरण में बी.ए., बी. एस–सी. एवं बी. काम. पाठ्यक्रमों के लिए चयन हेतु निर्धारित किया गया है उनकी सूची निम्नांकित है–

1	परिधान विन्यास प्रौद्योगिकी	Apprel Technology	**4 (2+2)**
2	नवीकरणीय ऊर्जा	Renewable Energy	**4 (2+2)**
3	सौन्दर्य और स्वास्थ्य कल्याण	Beauty and Wellness	**4 (2+2)**
4	व्यक्तित्व विकास	Personality Development	**4 (2+2)**

5	पर्यटन परिवहन और यात्रा सेवायें	Tourism Transport and Travel Services	**4 (2+2)**
6	कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी	Computer Science and Information Technology	**4 (2+2)**
7	सुरक्षा सेवायें	Security Services	**4 (2+2)**
8	औषधीय पौधे	Medicinal Plant	**4 (2+2)**
9	जैविक खेती	Organic Farming	**4 (2+2)**
10	बागवानी	Horticulture	**4 (2+2)**
11	वर्मीकम्पोस्टिंग	Vermi-composting	**4 (2+2)**
12	डेयरी प्रबंधन	Dairy Management	**4 (2+2)**
13	पोषण एवं आहार विज्ञान	Nutrition and dietetics	**4 (2+2)**
14	विद्युत प्रौद्योगिकी	Electrical Technology	**4 (2+2)**
15	(इलेक्ट्रॉनिक प्रौद्योगिकी)	Electronic Technology	**4 (2+2)**
16	हस्तशिल्प	Handicrafts	**4 (2+2)**
17	खाद्य संरक्षण और प्रसंस्करण	Food Preservation and Processing	**4 (2+2)**
18	चिकित्सा निदान	Medical Diagnostics	**4 (2+2)**
19	निर्यात आयात प्रबंधन	Export Import Management	**4 (2+2)**
20	जीएसटी के साथ ई–एकाउंटिंग और कराधान	E-Accounting and Taxation With GST	**4 (2+2)**
21	वित सेवायें एवं बीमा	Finance Service and Insurance	**4 (2+2)**
22	खुदरा प्रबंधन	Retail Management	**4 (2+2)**
23	डिजिटल मार्केटिंग	Digital Marketing	**4 (2+2)**
24	बिक्री कौशल	Salesmanship	**4 (2+2)**
25	एकाउटिंग एवं टैली कोर्स	Accounting and Tally	**4 (2+2)**
26	कार्यालय प्रक्रिया और व्यवहार	Office Procedure and Practice	**4 (2+2)**
27	डेस्क टॉप प्रकाशन (डीटीपी)	Desktop Publishing	**4 (2+2)**
28	वेब डिजाइनिंग	Web Designing	**4 (2+2)**

(य) आधार पाठ्यक्रम (Ability Enhancement Course/Foundation Course)

प्रथम वर्ष (भाषा विषय कोई दो)

क्रम	विषय / प्रश्नपत्र	क्रेडिट
1	हिन्दी	**2 (2+0)**

2	अंग्रजी	**2 (2+0)**
3	संस्कृत	**2 (2+0)**
4	पर्यावरण अध्ययन	**2 (2+0)**
5	योग एवं ध्यान	**2 (2+0)**

द्वितीय वर्ष (भाषा विषय कोई दो)

क्रम	विषय / प्रश्नपत्र	क्रेडिट
1	हिन्दी	**2 (2+0)**
2	अंग्रजी	**2 (2+0)**
3	संस्कृत	**2 (2+0)**
4	स्टार्ट अप एवं उद्यमिता	**2 (2+0)**
5	महिला सशक्तिकरण	**2 (2+0)**

तृतीय वर्ष (भाषा विषय कोई दो)

क्रम	विषय / प्रश्नपत्र	क्रेडिट
1	हिन्दी	**2 (2+0)**
2	अंग्रजी	**2 (2+0)**
3	संस्कृत	**2 (2+0)**
4	डिजिटल जागरूकता	**2 (2+0)**
5	व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण	**2 (2+0)**

(र) **स्वतंत्र प्रमाण पत्र एवं पत्रोपाधि (Stand Alone Certificate/Diploma Course)**

क्रम	विषय / प्रश्नपत्र	क्रेडिट
1	सतत विकास प्रमाण पत्र	
2	सतत विकास डिप्लोमा	
3	महिला सशक्तिकरण प्रमाण पत्र	
4	महिला सशक्तिकरण डिप्लोमा	
5	ग्रामीण विकास प्रमाण पत्र	
6	ग्रामीण विकास डिप्लोमा	
7	स्वैच्छिकता एवं विकास प्रमाण पत्र	
8	स्वैच्छिकता एवं विकास डिप्लोमा	
9	प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन प्रमाण पत्र	
10	प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन डिप्लोमा	
11	प्राकृतिक एवं अक्षय कृषि प्रमाण पत्र	
12	प्राकृतिक एवं अक्षय कृषि डिप्लोमा	
13	पर्यावरण संरक्षण प्रमाण पत्र	

14	पर्यावरण संरक्षण डिप्लोमा	
15	विधिक साक्षरता प्रमाण पत्र	
16	विधिक साक्षरता डिप्लोमा	
17	कला एवं संस्कृति प्रमाण पत्र	
18	कला एवं संस्कृति डिप्लोमा	
19	सामाजिक समरसता प्रमाण पत्र	
20	सामाजिक समरसता डिप्लोमा	
21	आजीविका एवं कौशल प्रमाण पत्र	
22	आजीविका एवं कौशल डिप्लोमा	
23	प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग प्रमाण पत्र	
24	प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग डिप्लोमा	
25	पत्रकारिता एवं जनसंचार प्रमाणपत्र	
26	पत्रकारिता एवं जनसंचार डिप्लोमा	
27	स्वच्छता एवं स्वास्थ्य प्रमाण पत्र	
28	स्वच्छता एवं स्वास्थ्य डिप्लोमा	
29	कम्प्यूटर एप्लीकेशन प्रमाण पत्र	
30	कम्प्यूटर एप्लीकेशन डिप्लोमा	

15. मूक या अन्य पाठ्यक्रमों के चयन का विकल्प (Choice to select the MOOC or other Courses)

पाठ्यक्रम में स्वयं प्लेटफार्म (SWAYAM Plateform) या किसी अन्य MOOC (Masive Open online Courses) प्लेटफार्म से वैकल्पिक धारा, व्यावसायिक पाठ्यक्रम या आधार पाठ्यक्रम के निर्धारित क्रेडिट के विषय का चयन कर सकते हैं। इसी प्रकार किसी अन्य पाठ्यक्रम में किसी भी अन्य विश्वविद्यालय या संस्थान में अध्ययनरत छात्र इस पाठ्यक्रम के प्रश्नपत्रों का चयन कर सकते हैं।

16. अकादमिक कैलेण्डर एवं समय–सारणी (Academic Calendar and Time Table)

विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक अकादमिक सत्र में समय–समय पर सम्पन्न की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी से परिपूर्ण अकादमिक कैलेण्डर सत्रारम्भ के समय प्रदान किया जायेगा। समस्त अकादमिक गतिविधियाँ अकादमिक कैलेण्डर में दी हुई तिथियों और व्यवस्थानुसार सम्पादित होंगी। दिवस विशेष में सम्पन्न होने वाली कक्षाओं की समय–सारणी उपलब्ध कराई जायेगी। जिसमें आवश्यकतानुसार संशोधन सक्षम स्वीकृति उपरान्त किया जा सकेगा।

17. सम्पर्क कक्षाएँ (Contact Classes)

पाठ्यक्रम ओपेन एण्ड डिस्टेंस लर्निंग पद्धति से संचालित किया जा रहा है। इस विधि में स्व–अध्ययन सामग्री प्रदान किये जाने पर विद्यार्थी स्वयं के प्रयास से इस सामग्री को पढ़कर जानकारी प्राप्त करते हैं।

सीखने के मार्ग या प्रक्रिया में जो जिज्ञासा या प्रश्न उसके सम्मुख उपस्थित होते हैं उनके सम्यक् समाधान के लिए वह सम्पर्क कक्षाओं में विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त करता है। प्रश्नों और शंकाओं का समाधान पाठ्य सामग्री को और अधिक बोधगम्य बनाकर सीखने की प्रक्रिया आसान बना देता है। इन कक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थियों के प्रदत्त कार्य तथा प्रायोगिक प्रयोगात्मक कार्य मेन्टर्स के मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद के सहयोग से विशेषज्ञों द्वारा कराया जायेगा।

18. उपस्थिति (Attendance)

18.1 प्रत्येक शिक्षार्थी सहायता केन्द्र (अध्ययन केन्द्र) पर अकादमिक कैलेण्डर की समय–सारणी के अनुसार प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में अभ्यर्थियों के लिए 40 सम्पर्क कक्षाएं आयोजित की जायेंगी। ये कक्षाएं रविवार के दिन प्रातः 10:00 से 5:30 के मध्य सम्पन्न होंगी। यदि 40 कक्षाएँ समस्त रविवार को लेने पर भी पूरी नही हो रही हों तो छात्रों और विशेषज्ञों के परामर्श से रविवार के अतिरिक्त अन्य दिवसों में भी कक्षाएं आयोजित की जा सकेंगी।

18.2 प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए पाठ्यक्रम की अगली अकादमिक गतिविधि में सम्मिलित होने के लिए न्यूनतम् 80 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। अर्थात् पूरे पाठ्यक्रम में सम्पन्न 40 संपर्क कक्षाओं में से 32 संपर्क कक्षाओं में उपस्थित होना अनिवार्य है। अन्यथा की स्थिति में अभ्यर्थी को पाठ्यक्रम की गतिविधियों में भाग लेने से वंचित किया जा सकेगा। सम्पन्न होने वाली समस्त सम्पर्क कक्षाओं की संख्या में आवश्यकतानुसार 5 प्रतिशत की कमी या वृद्धि सक्षम सहमति से की जा सकेगी।

18.3 उपस्थिति के लिए प्रत्येक शिक्षार्थी सहायता केन्द्र (अध्ययन केन्द्र) पर वर्षवार एक उपस्थिति रजिस्टर संधारित किया जायेगा। जिसमें छात्र सम्पर्क कक्षा के दिवस पर उपस्थित होकर अपने हस्ताक्षर करेगा। प्रत्येक माह की उपस्थिति अध्ययन केन्द्र प्रभारी द्वारा सूचना पटल पर चस्पा की जायेगी।

18.4 शिक्षार्थी सहायता केन्द्र (अध्ययन केन्द्र) प्रभारी को प्रत्येक सम्पर्क कक्षा दिवस पर विद्यार्थियों की उपस्थिति की जानकारी विश्वविद्यालय को उसी दिन ई–मेल द्वारा सूचित करना अनिवार्य होगा। यह जानकारी ब्लॉक स्तर पर चिन्हित समन्वयक द्वारा लर्निंग मैनेजमेंट पॉर्टल में भी अपलोड की जायेगी।

19. सामुदायिक प्रयोगशाला के रूप में ग्राम/क्षेत्र (Villages/Areas as Community Laboratories)

पाठ्यक्रम में व्यावहारिक अभ्यास कार्य (एसाइनमेंट +फील्ड वर्क) सबसे महत्वपूर्ण अवयव है। पंजीकृत प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी रुचि अथवा परामर्श से अध्ययन अवधि के दौरान एक ग्राम/क्षेत्र का चयन अनिवार्यतः करना होगा। यह ग्राम उसकी सामुदायिक प्रयोगशाला के रूप में होगा। विद्यार्थीको अपनी प्रत्येक विषय से सम्बन्धित फील्ड वर्क संबंधी समस्त गतिविधियाँ इसी ग्राम में लोगों की सहभागिता से सम्पन्न

करनी होगी। पाठ्यक्रम के अंत में इस क्षेत्र में किये गये कार्यों के आधार पर ही विद्यार्थीकेप्रायोगिक कार्य प्रतिवेदन का मूल्यांकन किया जायेगा।

20. व्यावहारिक अभ्यास कार्य (Field Work Practice) : Assignments, Field Work and Internship

पाठ्यक्रम के व्यावहारिक अभ्यास कार्य (एसाइनमेंट+फील्ड वर्क) के लिए विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में अभ्यर्थी को निर्धारित कार्य दी गई समय–सीमा में चयनित गाँव/क्षेत्र में पूर्ण करना होगा। इस कार्य का प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्रों (फार्मेट) में दस्तावेज बनाकर सुरक्षित रखना होगा। मूल्यांकन के समय प्रत्येक अभ्यर्थी को व्यावहारिक अभ्यास कार्य के रूप में किये गये कार्यों की प्रस्तुति करना अनिवार्य होगा। व्यावहारिक कार्य से संबंधित संक्षिप्त जानकारी यहाँ दी जा रही है–

20.1 व्यावहारिक अभ्यास कार्य (एसाइनमेंट+फील्ड वर्क+इंटर्नशिप) पाठ्यक्रम का एक अभिन्न और महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह कार्य मेंटर्स या विशेषज्ञों के द्वारा दिये गये परामर्श से शिक्षार्थी को पूरा करना होगा।

20.2 व्यावहारिक अभ्यास कार्य (एसाइनमेंट+फील्ड वर्क+इंटर्नशिप) का आयोजन पूर्व में घोषित निर्धारित रविवार को आयोजित होने वाली सम्पर्क कक्षाओं के अलावा कभी भी किया जा सकता है। इसके अंक परीक्षा में शामिल किये जायेंगे।

20.3 व्यावहारिक अभ्यास कार्य (एसाइनमेंट+फील्ड वर्क) 30 अंकों का होगा। जिसमें से क्षेत्रीय कार्य के लिए 15 अंक एवं एसाइनमेंट के लिए 15 अंक निर्धारित किये गये हैं।

20.4 प्रत्येक प्रश्नपत्र में निर्धारित सतत विकास लक्ष्य SDGs के किसी भी एक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये शासन की योजनाओं के आधार पर समुदाय के व्यावहारिक परिवर्तन (Behavioural Change) के लिए उपयुक्त हस्तक्षेप (Intervention) हेतु कार्य करना होगा। ऐसे प्रत्येक प्रश्नपत्र के लिए जिसमें प्रायोगिक कार्य का प्रावधान किया गया है उसमें किसी निर्धारित सतत विकास लक्ष्य के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए चयनित गॉव में जन सहभागिता या सामुदायिक प्रयास (Community Engagement) प्राप्त कर लक्ष्यगत, व्यवहारगत अथवा कोई अन्य सकारात्मक परिवर्तन से सम्बन्धित प्रायोगिक कार्य छात्र द्वारा किया जायेगा।

20.5 प्रायोगिक कार्य के अन्तर्गत प्रत्येक लक्ष्य के लिए एक निर्धारित सूचकांक (Indicater) होगा जिसके लिए सर्वप्रथम चयनित गांव का आधारभूत सर्वेक्षण (Baseline Servey) तथा कार्यायान्तक सर्वेक्षण (Endline Servey) करते हुए परिणामों को मापना होगा। इसके लिए गॉव में किये गये प्रत्येक कार्यो का प्रक्रियागत दस्तावेज (Process Documenation) तैयार कर प्रतिवेदन लिखना होगा। इसी प्रतिवेदन के मासिक प्रगति को प्रदत्तकार्य प्रतिवेदन (Assignment Report) के रूप में प्रस्तुत करना होगा।

20.6 फील्डवर्क का मूल्यांकन वर्षवार तैयार प्रतिवेदन एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जावेगा। यह वार्षिक परियोजना प्रतिवेदन (Project Report) प्रतिवेदन मासिक प्रक्रियागत दस्तावेज (Process Documenation) के आधार पर तैयार किया जायेगा जिसका प्रस्तुतीकरण वाह्य परीक्षक के समक्ष करना होगा। वर्ष भर किये जाने वाले प्रायोगिक कार्य के प्रक्रियागत दस्तावेज (Process Documenation) पर चर्चा मेन्टर के साथ सम्पर्क कक्षाओं में की जावेगी।

20.7 प्रक्रियागत दस्तावेज (Process Documenation) एवं परियोजना प्रतिवेदन (Project Report) समय सीमा के अन्दर प्रस्तुत करने पर 30 अंक विषय विशेषज्ञों के द्वारा प्रदान किया जायेगा।

20.8 प्रायोगिक कार्य के तहत इंटर्नशिप/प्रोजक्ट वर्क भी करना है। इसके तहत छात्रों को जिला प्रशासन के सहयोग से 45 दिन के लिए किसी शासकीय विभाग के अंतर्गत इन्टर्नशिप करने हेतु लगाया जायेगा। जहाँ पर वे व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करेंगे।

20.9 प्रायोगिक कार्य (Field Work) तथा प्रदत्त कार्यों के लिये समुदाय के साथ किये जा सकने वाले कार्य उदाहरण स्वरूप निम्नानुसार प्रस्तुत हैं–

क्र.	माह	कार्य/विषय/गतिविधि
1.	जून	**1.** जल संरक्षण अंतर्गत छोटी–छोटी संरचनाओं का निर्माण एवं जल स्त्रोतों की साफ–सफाई करना। जैसे–बोरी बंधान, सोख्ता गड्ढा / सोख पीठ तालाब गहरीकरण, कुआँ/ बावड़ी का साफ सफाई तथा गहरीकरण आदि कार्य करना। **2.** शिक्षा (स्कूल चलो अभियान) अंतर्गत शाला त्यागी बच्चों का स्कूल में नियमितीकरण हेतु अभिभावकों से मिलकर बच्चों के शिक्षा के अधिकार के प्रति जागरूक करना तथा बच्चो का शाला में प्रवेश कराना। **3.** 05 जून विश्व पर्यावरण दिवस, 26 जून अंतराष्ट्रीय नशीली दवाओं का सेवन एवं अवैध तस्करी निषेध दिवस, 27 जून विश्व मधुमेह दिवस पर जन जागरूकता बैंठको चौपालों का आयोजन। 4. प्रत्येक परिवार में तथा सामुदायिक व सरकारी खुले पड़े स्थानों पर वृक्षारोपण, किचिन गार्डन इत्यादि से पंचवटी से पोषण के लिये सम्पूर्ण कार्य की कार्य योजना तैयार कर अंतिम रूप देना। ग्रामवासियों, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्यानिकी, वन कृषि विभाग, आदि के जमीनी अमले के साथ मिलकर बनाई जाये। **5.** डायरिया एवं मौसमी बीमारियों के बारे में जागरूगता लाना। **6.** ''आंगनबाड़ी चलो'' अभियान में सक्रिय भागीदारी। **7.** लाड़ली लक्ष्मी योजना हेतु पात्र बालिकाओं का चिन्हांकन । **8.** लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राही बालिकाओं का छात्रवृत्ति हेतु चिन्हांकन व परियोजना अधिकारियों को रिपोर्टिग।
2.	जुलाई	1. ग्रामवासियों को विकेन्द्रीकृत नियोजन के अन्तर्गत योजना निर्माण में समुदाय एवं ग्राम सभा की भूमिका के संबध में चौपाल/बैठक का आयोजन कर जागरूक/प्रशिक्षित करना। 2. स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत शाला त्यागी एवं शाला जाने योग्य बच्चों के अभिभावकों से सम्पर्क कर समस्त बच्चो को प्रवेश दिलवाना। 3. पंचवटी से पोषण के लिए सम्पूर्ण ग्राम की कार्य योजना के अनुरूप कार्य करना। 4. ''आंगनवाडी चलो'' अभियान में सक्रिय भागीदारी। 5. 1–7 अगस्त में स्तनपान सप्ताह के आयोजन पूर्व पर्याप्त प्रचार प्रसार।

3	अगस्त	1. जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से जंगलो भूमिक्षरण और जैवविविधता के बढते नुकसान को रोकने हेतु जनजागरण। ग्राम के सामुदायिक भवनों एवं स्कूलों के मैदानो में फलदार छायादार एवं फूलो के पौधेां का रोपण तथा विद्यार्थियों व आमजन को वृक्षों के महत्व व पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर पौधों के संरक्षण हेतु उनकी जिम्मेदारी तय करना। 2. ग्राम सभा में भागीदारी करने हेतु प्रेरित करना। 3. 1–7 अगस्त स्तनपान सप्ताह का आयोजन। 4. 1–7 सितम्बर राष्ट्रीय पोषण आहार सप्ताह के आयोजन के पूर्व आवश्यक तैयार एवं प्रचार प्रसार।
4	सितम्बर	**1.** कृषि की विभिन्न विधाओं जैसे– रेशम कीट, मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन/फूल/फल/ सब्जी उत्पादन, मिथेन फार्मिंग, पशुपालन आदि को बढावा देने तथा जैविक खेती के प्रमाणीकरण हेतु पंजीयन का कार्य एवं शासकीय योजनाओं व तकनीकी ज्ञान का प्रचार प्रसार। **2.** पोषण ज्ञान जागरूकता के लिये घर–घर जाकर सम्पर्क करना। 3. लालिता अभियान के अंतर्गत रक्ताल्पता (एनीमिया) अर्थात शरीर में खून की कमी में सुधार लाने हेतु शालाओ में जागरूकता एवं प्रचार प्रसार करना। 4. डायरिया एवं मौसमी बीमारियों के बारे में जागरूकता लाना। 5. 1–7 सितम्बर राष्ट्रीय पोषण–आहार सप्ताह के आयोजन की भागीदारी।
5	अक्टूबर	1. शासन द्वारा विविध सहायता हेतु संचालित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणजनों को उपलब्ध कराना एवं विविध साक्षरता के संबध में उन्हे शिक्षित/प्रशिक्षित करना। लैंगिक समानता प्राप्त करने हेतु महिलाओं को उनके अधिकार एवं नियमों के संबध में जागरूक करना। 2. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की नवीनतम तकनीकों का प्रचार–प्रसार जो रोजगार सृजन एवं सूक्ष्म लघु उद्योग इकाई स्थापित करने में सहायक हो। 3. लाड़ो अभियान के अंतर्गत बाल विवाह रोकने हेतु जन जागरूकता अभियान चलाना। 4. गाँधी जयंती पर ग्राम सभा में आयोजन में भागीदार करने हेतु प्रेरित करना। 5. पंचवटी से पाषण में लगाये गये पौंधेां की जीवितता सुनिश्चित करना।
6	नवम्बर	1. ग्रामवासियों को गंदगी के विभिन्न कारणों के प्रति जागरूक कर स्वच्छता अभियान चलाना तथा गॉव को कचरे एवं गदंगी से मुक्त कराने की योजना बनाना लागू करना। 2. लाडो अभियान के अंतर्गत बाल विवाह रोकने हेतु जन जागरूकता अभियान चलाना। 3. बाल दिवस 14 नवम्बर पर आँगनबाडी केन्द्रों पर महिलाओं एवं बच्चों को सप्ताह में एक बार देश प्रेम वीरता की प्रेरणा देने वाली अथवा मिट्टी, पानी व वृक्षों के प्रति संवेदनशील करने वाली सत्य घटनायें सुनाना, लोकगीत नृत्य अथवा अन्य स्थानीय रुचि के अनुरूप सास्कृतिक गतिविधियाँ आयोजित करना।
7	दिसम्बर	1. शासन द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति जन–जागरूकता । ग्राम में संचालित शासकीय योजनाओं की सूची बनाना, पात्र हितग्राही की पहचान करना तथा उन्हें उपयुक्त शासकीय योजना से जोड़ने का प्रयास करना एवं शासकीय योजनाओं का लाभ लेने हेतु आमजन को प्रोत्साहित करना। 2. महिलाओं को महिला संरक्षण के जुडे कानूनों की जानकारी, योजनाओं आदि पर जागरूकता अभियान चलाना।

		3. महिला हिंसा एवं बालकों के प्रति होने वाली हिंसा के प्रति जन–जागरूकता लाना।
8	जनवरी	1. बीमारी की रोकथाम, निवारण तथा आहार एवं पोषण के महत्व के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक करना। 2. 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर ग्राम सभा में स्वयं उपस्थित रहना एवं अन्य को ग्राम सभा में भागीदारी हेतु प्रेरित करना। 3. राष्ट्रीय पर्वो में उत्साह के साथ समाज को जोडना व स्वयं उपस्थित रहना। बच्चों का देश मे प्रगाढ़ रिश्ता बनाने के लिए छोटी–छोटी सरल कविताओं व नारे बच्चों से बुलवाना। 4. घरेलू हिंसा के प्रति लोगो को जागरूक करना।
9.	फरवरी	1. मनुष्य के जन्म से लेकर मृत्यु तक शासकीय विभागों से विभिन्न दस्तावेज (आधर कार्ड, वोटर आदि) अनुमति व प्रमाण पत्र (जन्म/विवाह/मृत्यु प्रमाण पत्र)आदि बनवाने व प्राप्त करने की प्रक्रिया के संबध में ग्रामवासियों को जागरूक करना। 2. हितग्राही फलक योजनाओं के लाभ लेने की सम्पूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराना। 3. लाडली लक्ष्मी योजना हेतु पात्र बालिकाओं का चिन्हांकन।
10	मार्च से अप्रैल	1. ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मे उपलब्ध एवं ग्राम के आसपास के जल स्त्रोतों जैसे– कुआ, नाला, तालाब, बावडी, पोखर, नहर, नदी झरना, आदि के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए अभियान चलाकर कार्य करना तथा स्थानीय आवश्यकता एवं वातावरण के अनुसार जल संरक्षण हेतु आवश्यक संरचनाओं का निर्माण करना। 2. लाडो अभियान के अंतर्गत बाल विवाह रोकने हेतु जन जागरूकता अभियान चलाना। 3. स्वच्छता और कूपोषण के लिए जन–जागरूकता अभियानों की रूपरेखा बनाना।

21. व्यावहारिक अभ्यास कार्य का प्रतिवेदन लेखन (Report Writing of Field Work)

व्यावहारिक अभ्यास कार्य (एसाइनमेंट+फील्ड वर्क+इन्टर्नशिप) का आँकलन अभ्यर्थी द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुतीकरण एवं अभिलेखीकरण पर आधारित होता है। अभिलेखीकरण के अभाव में छात्र के द्वारा किया गया बेहतर कार्य भी प्रभावहीन माना जाता है। अतः व्यावहारिक अभ्यास कार्य (एसाइनमेंट+फील्ड वर्क+इन्टर्नशिप) का प्रतिवेदन समस्त छात्र पूर्ण मनोयोग से तैयार करें। प्रतिवेदन से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं का विवरण निम्नांकित है–

- अध्ययन हेतु चयनित ग्राम/क्षेत्र में रहवासी परिवारों से सम्बन्धित जानकारी सबसे पहले बेसलाइन सर्वे के रूप में प्राप्त की जायेगी।
- बेसलाईन सर्वे में कार्य प्रारम्भ के पूर्व अध्ययन हेतु चयनित ग्राम/क्षेत्र में सतत विकास लक्ष्यों की वर्तमान समय में स्थिति की जानकारी प्राप्त की जायेगी।
- इस प्रारूप का प्रयोग व्यावहारिक अभ्यास कार्य (एसाइनमेंट+फील्ड वर्क+इन्टर्नशिप) प्रत्येक के प्रतिवेदन निर्माण के लिए किया जा सकता है।
- प्रपत्र मे दर्शाये गये बिन्दु मार्गदर्शन एवं प्रतिवेदनों के स्वरूप में एकरूपता लाने के लिए दिये गये हैं।यदि कोई अन्य उल्लेखनीय बिन्दु हों तो उन्हें पृथक से प्रस्तुत किया जा सकता है।

- प्रतिवेदन हस्तलिखित एवं सुपाठ्य अक्षरों में हो तथा उन्हें तैयार करने के लिए नीले अथवा काले स्याही का उपयोग किया जाए।
- छायाचित्र, समाचार पत्रों के क्लिपिंग एवं अन्य साक्ष्य जो छात्र के कार्य को प्रमाणित करें उन्हें अवश्य संलग्न करें।
- व्यवहारिक अभ्यासकार्य के अंत में सम्बन्धित ग्राम में एक इण्डलाईन सर्वे छात्र को करना होगा जिसके अन्तर्गत सतत विकास लक्ष्यों में किये गये कार्यो से प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त की जायेगी।

फील्ड वर्क प्रतिवेदन का प्रारूप
मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम
समाज कार्य स्नातक पाठ्यक्रम/समाज कार्य परास्नातक पाठ्यक्रम
(सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत विकास)

अध्ययन वर्ष या Level	
प्रतिवेदन क्रमांक –	
छात्र का नाम –	
अनुक्रमांक/यू.आई.डी. नम्बर–	
दिन एवं दिनाँक –	
समय एवं स्थान —	
केन्द्र का नाम –	

क्र.	प्रतिवेदन प्रस्तुति के बिन्दु	विवरण
1.	गतिविधि का नाम	
2.	उद्देश्य	
3.	पूर्व में की गई तैयारी	
4.	गतिविधि के आयोजन का स्वरूप (कार्य क्या था एवं कैसे किया गया, क्या कठिनाइयाँ आयी, कैसे दूर किया, क्या परिणाम आया)	
5.	प्रयोग की गई सामग्री/उपकरण	
6.	सहभागियों की संख्या	
7.	गतिविधि के फोटोग्राफ	
8.	समाचार पत्रों की क्लिपिंग	
9.	अन्य उल्लेखनीय विवरण	
10.	हमने क्या सीखा	
11.	भावी योजना	

शिक्षार्थी के हस्ताक्षर **मेंटर के हस्ताक्षरपरीक्षक के हस्ताक्षर**

21. आन्तरिक मूल्यांकन/सी.सी.ई. (Continuous Comprehensive Evaluation)

प्रत्येक प्रश्नपत्र में 30 अंक का आंतरिक मूल्यांकन होगा। आंतरिक मूल्यांकन के लिए प्रत्येक प्रश्नपत्र से सम्बन्धित एस.डी.जी. से निर्धारित टार्गेट में तय किये गये निर्धारित सूचकांक की प्राप्ति के लिए छात्र अपने चयनित क्षेत्र– ग्राम या शहरी मलीन बस्ती में सामुदायिक प्रयास (Community Engagement) या जन सहभागिता (People Particaption) के माध्यम से लक्ष्यगत, व्यवहारगत या कोई अन्य सकारात्मक परिवर्तन से सम्बन्धित कार्य करेगा।

इसके लिए प्रत्येक प्रश्नपत्र में 5 प्रदत्त कार्य प्रदान किये जायेगें। 30 अंक में से 15 अंक इन 5 प्रदत्त कार्यो की प्रक्रियागत दस्तावेज (Process Document) समयसीमा मे प्रस्तुत करने पर सम्बन्धित परामर्शदाता द्वारा प्रदान किया जायेगा। शेष 15 अंक पूरे वर्ष के सम्बन्धित प्रश्नपत्र के प्रक्रियागत दस्तावेज के आधार पर निर्मित परियोजना प्रतिवेदन (Project Report) पर बाह्य विशेषज्ञ के द्वारा मौखिक साक्षात्कार के आधार पर प्रदान किया जायेगा।

22. वार्षिक परीक्षा (Annual Examination)

22.1 वार्षिक या सत्रांत परीक्षा के प्रश्न–पत्रों की व्यवस्था और मूल्यांकन कराये जाने का दायित्व विश्वविद्यालय का होगा।

22.2 वार्षिक परीक्षा का आयोजन पूर्व में घोषित अकादमिक कैलेण्डर में निर्धारित तिथियों पर प्रत्येक अध्ययन केन्द्र पर किया जायेगा। परीक्षा में बैठने के लिए 80 प्रतिशतउपस्थिति अनिवार्य होगी।

22.3 वार्षिक या सत्रांत परीक्षा का संचालन प्रत्येक अध्ययन केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष के नेतृत्व में होगा।

22.4 इस पाठ्यक्रम में निर्धारित प्रत्येक विषय के लिए एक प्रश्नपत्र होगा।

22.5 प्रत्येक प्रश्नपत्र 70 अंक का होगा, जिसमें निम्नांकित प्रकार के प्रश्न पूछे जा सकते हैं–

- विश्लेषण और वैचारिक समझ के परीक्षण के लिए निबंधात्मक प्रश्न।
- लघु उत्तरीय और बहुविकल्पीय प्रश्न।
- प्रकरण सामग्री/समस्या निराकरण गतिविधियां/प्रेक्टिकल कार्यों पर आधारित प्रश्न।

23. व्यावहारिक अभ्यास कार्य मूल्यांकन (Evaluation of Field Work)

व्यावहारिक अभ्यास कार्य (एसाइनमेंट+फील्ड वर्क) का मूल्यांकन सतत और सत्रांत दोनों रूपों में सम्पन्न होगा। इसके अंतर्गत प्रत्येक अभ्यर्थी को चयनित ग्राम/क्षेत्र में निर्धारित विषय पर तीन–तीन अंक के 05 प्रदत्त कार्य करने होंगे।

फील्डवर्क का मूल्यांकन वर्षवार तैयार प्रतिवेदन एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जावेगा। यह वार्षिक परियोजना प्रतिवेदन (Project Report) मासिक प्रक्रियागत दस्तावेज (Process Documenation) के आधार पर तैयार किया जायेगा जिसका प्रस्तुतीकरण वाह्य परीक्षक के समक्ष करना होगा। वर्ष भर किये

जाने वाले प्रायोगिक कार्य के प्रक्रियागत दस्तावेज (Process Documenation) पर चर्चा मेन्टर के साथ सम्पर्क कक्षाओं में की जावेगी।

प्रायोगिक कार्य के तहत इंटर्नशिप/प्रोजक्ट वर्क भी करना है। इसके तहत छात्रों को जिला प्रशासन के सहयोग से 45 दिन के लिए किसी शासकीय विभाग के अंतर्गत इन्टर्नशिप करने हेतु लगाया जायेगा जहाँ पर वे व्यावहारिक अनुभव भी प्राप्त करेंगे।

प्रायोगिक कार्य के पांच प्रदत्त कार्य पर प्रति प्रदत्त कार्य 3 अंक के अनुसार कुल 30 अंक में से 15 अंक आंतरिक मूल्यांकन के तहत सम्बन्धित परामर्शदाता द्वारा प्रदान किया जायेगा। 30 अंक मे से शेष 15 अंक वाह्य परीक्षक द्वारा प्रदान किया जायेगा।

24. वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन (Conduction of Annual Exam)

वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार पूर्व घोषित समय–सारणी के आधार पर किया जायेगा। फील्ड वर्क की परीक्षा सैद्धांतिक विषयों की परीक्षाओं के पूर्व ही संपन्न करा ली जायेंगी। प्रत्येक दिवस में एक विषय का प्रश्नपत्र सम्पन्न होगा जिसका पूर्णांक 70 होगा। सैद्धांतिक प्रश्नपत्रों को हल करने के लिए अधिकतम तीन घण्टे का समय प्रदान किया जायेगा।

25. परिणामों की घोषणा (Announcement of Results)

अध्ययन केन्द्रों से प्राप्त उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा और नियमानुसार परीक्षाफल घोषित किया जायेगा। घोषित परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.cmcldp.orgपर देखे जा सकेंगे। प्रत्येक अध्ययन केन्द्र प्रभारी को संबंधित केन्द्र का परीक्षाफल विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

26. उत्तीर्ण एवं श्रेणी (Pass and Category)

26.1 प्रत्येक सैद्धान्तिक प्रश्नपत्र/विषय की बाह्य एवं आंतरिक परीक्षा में पृथक–पृथक छात्र को न्यूनतम् 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। अर्थात् प्रत्येक सैद्धान्तिक विषयवार/प्रश्नपत्रवार 30 अंक के आंतरिक मूल्यांकन में न्यूनतम् 10 अंक एवं बाह्य परीक्षा के 70 अंकों में से न्यूनतम् 23 अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

26.2 फील्ड वर्क में आंतरिक और बाह्य परीक्षा में पृथक–पृथक 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। अतः प्रदत्त कार्य के 20 अंकों में से 10 अंक, व्यावहारिक कार्य के 30 अंकों में से 15 अंक इस प्रकार आंतरिक मूल्यांकन के 50 अंकों में से 25 एवं वाहय मूल्यांकन के 50 अंकों में से 25 कुल न्यूनतम् 50 अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

27. पुनर्परीक्षा (Repeat Examination)

27.1 वे छात्र जो किसी विषय/प्रश्नपत्र में निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त नहीं कर सकेंगे वे उस विषय/प्रश्नपत्र में रिपीट परीक्षा देने के पात्र होंगे। रिपीट परीक्षा देने के लिए पाठ्यक्रम की अधिकतम अवधि में जितने अवसर मिलेंगे, उतनी बार दे सकेंगे।

27.2 रिपीट परीक्षा वर्ष में केवल एक बार ही मुख्य परीक्षा के साथ आयोजित की जायेगी जिसके लिए अलग से निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन पत्र एवं शुल्क जमा करने पर परीक्षा हेतु पात्र होंगे।

27.3 किसी पाठ्यक्रम विशेष को पूर्ण करने की निर्धारित समय सीमा के अन्दर छात्र को सिर्फ रिपीट विषय/प्रश्नपत्र का शुल्क ही देय होगा। किन्तु पाठ्यक्रम पूर्ण करने की अवधि के बाद भी रिपीट विषय/प्रश्नपत्र उत्तीर्ण नहीं होते तो उसे पुनः पाठ्यक्रम शुल्क जमाकर पाठ्यक्रम में पुनर्पंजीयन करवाना होगा।

28. अनुचित साधन (Unfair Means)

28.1 किसी प्रश्नपत्र में यदि कोई छात्र अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पाया जाता है तो उसके उस प्रश्नपत्र की परीक्षा स्वमेव निरस्त हो जायेगी। यदि एक ही परीक्षा के दौरान छात्र दो बार ऐसे प्रकरणों में संलिप्त पाया जाता है तो उस वर्ष की पूरी परीक्षा निरस्त हो जायेगी। दो बार से अधिक अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पाए जाने पर पाठ्यक्रम से निष्कासित कर दिया जायेगा।

28.2 विश्वविद्यालय के संज्ञान में यदि यह तथ्य आता है कि किसी परीक्षा केन्द्र पर सामूहिक रूप से अनुचित साधनों के प्रयोग को प्रोत्साहित किया जाता है या प्रयोग हो रहा है तो ऐसी स्थिति में पूरे केन्द्र की परीक्षा निरस्त की जायेगी।

29. पुनर्गणना (Retotaling)

परीक्षा में अधिकतम किन्हीं दो विषय/प्रश्नपत्र में छात्र पुनर्गणना करा सकेगा। इसके लिए निर्धारित शुल्क प्रति प्रश्नपत्र के अनुसार देय होगा। पुनर्गणना का आवेदन परीक्षाफल घोषित होने के 30 दिवस के अन्दर करना अनिवार्य होगा। निर्धारित दिवस के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। पुनर्गणना में अंकों में जो भी परिवर्तन होगा वही मान्य होगा।

30. कृपांक (Grace Marks)

30.1 पाठ्यक्रम में 03 अंकों के कृपांक की पात्रता होगी। ये उसी दशा में प्रदान किये जायेंगे जब इन्हें प्रदान करने से छात्र उस परीक्षा में उत्तीर्ण हो रहा हो। कृपांक अधिकतम दो विषयों/प्रश्नपत्रों में दिये जायेंगे।

30.2 यदि 01 अंक की कमी से छात्र किसी श्रेणी से वंचित होता है तो कुलपति ग्रेस मार्क के नाम पर 01 अंक का कृपांक दिया जायेगा किन्तु कृपांक पाने वाले छात्रों को यह अंक नहीं दिया जायेगा।

31. परीक्षा परिणाम सम्बन्धी स्पष्टीकरण (Clarifications related to Results)

परीक्षा परिणाम का अवलोकन करने से संबंधित कुछ सामान्य जानकारी यहाँ दी जा रही है–

31.1 पाठ्यक्रम के सैद्धान्तिक विषयों/प्रश्नपत्रों में न्यूनतम उत्तीर्णांक 33 प्रतिशत और व्यावहारिक अभ्यास कार्य में न्यूनतम उत्तीर्णांक 50 प्रतिशत होगा।

31.2 **उत्तीर्ण/पास** (Pass) – जिन छात्रों ने पाठ्यक्रम की मूल्यांकन संबंधी समस्त गतिविधियों यथा आन्तरिक मूल्यांकन, वार्षिक परीक्षा तथा प्रायोगिक कार्य (फील्ड वर्क) की आन्तरिक और बाह्य परीक्षा में सम्मिलित होकर निर्धारित न्यूनतम अंक या उससे अधिक अंक प्राप्त किये हैं, उन्हें पास घोषित किया जाता है। उन्हें निर्धारित आवेदन पत्र और शुल्क देकर अगले वर्ष में पढ़ने की पात्रता है।

31.3 **प्रमोटेड** (Promoted)– जिन छात्रों ने पाठ्यक्रम की मूल्यांकन संबंधी समस्त गतिविधियों यथा आन्तरिक मूल्यांकन (अर्द्धवार्षिक परीक्षा) वार्षिक परीक्षा तथा प्रायोगिक कार्य की आन्तरिक और बाह्य परीक्षा में सम्मिलित होकर सभी प्रश्नपत्रों में निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त नहीं कर सके हैं, उन्हें प्रमोटेड घोषित किया जाता है। ये छात्र निर्धारित आवेदन पत्र और शुल्क देकर अगले वर्ष में पढ़ने की पात्रता रखते हैं। इन छात्रों को अगले वर्ष की वार्षिक परीक्षा में प्रथम वर्ष की परीक्षा के संबंधित प्रश्नपत्रों, मूल्यांकन गतिविधियों में सहभागिता कर निर्धारित न्यूनतम अंक प्राप्त करने होंगे। इस हेतु उन्हें 100 रुपये का आवेदन पत्र एवं प्रत्येक प्रश्नपत्र जिनमें निर्धारित उत्तीर्णांक नहीं आये हैं के लिए रुपये 250 (दो सौ पचास) की राशि विश्वविद्यालय में जमा करानी होगी। उदाहरण के लिये यदि एक छात्र नेतृत्व विकास प्रश्नपत्र की परीक्षा में (बाह्य या आन्तरिक) और फील्ड वर्क की परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सका है तो उसे रुपये 100 आवेदन पत्र के और 02 विषयों के 250 + 250 = 500 इस तरह कुल 600 रुपये विश्वविद्यालय में जमा कराने होंगे। प्रश्नपत्रों में सम्मिलित होकर निर्धारित अंक न प्राप्त करने वाले छात्रों को भी इसी प्रकार शुल्क जमाकर संबंधित परीक्षा में शामिल होना होगा।

31.4 **ईयर रिपीट** (Year Repeat) – जिन छात्रों ने निर्धारित पाठ्यक्रम शुल्क जमाकर नामांकन/पंजीयन कराया किन्तु कुछ कारणोंवश वे मूल्यांकन संबंधी समस्त गतिविधियों यथा आन्तरिक मूल्यांकन (अर्द्धवार्षिक परीक्षा) वार्षिक परीक्षा तथा प्रायोगिक कार्य की आन्तरिक और बाह्य परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके। ऐसे छात्र ईयर रिपीट किये जाते हैं। इन छात्रों को प्रथम वर्ष में फिर से पढ़ना होगा और पूरे वर्ष के लिए पाठ्यक्रम के प्रमाण पत्र स्तर की निर्धारित समस्त गतिविधियों यथा सम्पर्क कक्षाओं, फील्डवर्क और मूल्यांकन संबंधी गतिविधियों में नियमानुसार शामिल होना होगा। ऐसे छात्रों को द्वितीय वर्ष की कक्षा या किसी अन्य गतिविधि में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं होगी। ऐसे छात्रों को निर्धारित प्रारूप में आवेदन करने के साथ–साथ निर्धारित शुल्क विश्वविद्यालय में जमा करने होंगे। इसी शर्त पर वे पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष की गतिविधियों में शामिल हो सकेगें।

31.5 **GPA = (Grade Point Average or Percentage)**– जी.पी.ए. परीक्षाफल में छात्र की सम्पूर्ण उपलब्धि को प्रदर्शित करता है। परीक्षाफल क्रेडिट सिस्टम एवं 10 प्वाइंट स्केल में तैयार किया जाता है। सैद्धान्तिक प्रश्नपत्र के आंतरिक 30 अंक एवं बाह्य 70 अंक एवं फील्ड वर्क के आंतरिक 50 अंक एवं बाह्य 50 अंक इस प्रकार दोनों में कुल पूर्णांक 100 अंकों में से प्राप्त अंकों को 10 प्वाइंट में विभाजित कर इस प्रश्नपत्र के कुल क्रेडिट के गुणक से टी.जी.पी. निकाला जाता है। जैसे –
प्रश्नपत्र 1 का कुल क्रेडिट 6 है तो सैद्धान्तिक प्रश्न पत्र के आन्तरिक 30 में 15 एवं बाहय 70 में 45 अंक अर्जित किये तो पूर्णांक 100 में प्राप्त कुल प्राप्तांक 60 को 10 प्वांयट में विभाजित करने एवं 6 क्रेडिट के गुणक में टी.जी.पी. 18.0 हुआ। इसी प्रकार सभी प्रश्नपत्रों के टी.जी.पी. के योग में कुल क्रेडिट से विभाजित करने पर जी.पी.ए. प्राप्त होता है।

कुल जी.पी.ए. को कुल क्रेडिट से विभाजन करने पर सी.जी.पी.ए./ओ.जी.पी.ए. निकाला जाता है। किसी छात्र के परीक्षाफल के इस जी.पी.ए./सी.जी.पी.ए./ओ.जी.पी.ए. कालम में यदि 7.6 लिखा हुआ है, तो इसका अर्थ यह है कि उसे परीक्षा में 76 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। ग्रेडिंग 10 प्वांइट स्केल में होगी, जिसका विवरण निम्नांकित सारणी में दिया जा रहा है:–

Letter Grade	Grade Points	Description	Range of Marks (%)
O	10	Outstanding	90-100
A+	9	Excellent	80-89
A	8	Very good	70-79
B+	7	Good	60-69
B	6	Above Average	50-59
C	5	Average	40-49
P	4	Pass	33-39
F	0	Fail	0-32
Ab	0	Absent	Absent

*****

खण्ड–2 : विषय / प्रश्नपत्रों का विस्तृत विवरण

समाज कार्य
महिला एवं बाल विकास
आजीविका एवं कौशल
पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधन
संस्कृति एवं देशज ज्ञान
पंचायतीराज एवं ग्राम विकास
स्वैच्छिकता एवं विकास
अक्षय कृषि
सामाजिक समरसता
स्वच्छता एवं स्वास्थ्य
विधिक विशेषज्ञता

1. अनिवार्य विषय/प्रश्नपत्र : समाज कार्य

क्रम	विषय/प्रश्नपत्र	क्रेडिट
1	समाज कार्य का परिचय	6 (6+0)
2	समाज कार्य एवं अन्य अवधारणाएँ	6 (6+0)
3	समाज कार्य की पद्धतियाँ	6 (6+0)
4	भारतीय परिप्रेक्ष्य में व्यावसायिक समाज कार्य	6 (6+0)
5	सामाजिक वैयक्तिक सेवा कार्य एवं परामर्श	6 (6+0)
6	सामाजिक मनोविज्ञान	6 (6+0)
7	सामाजिक सामूहिक कार्य (समूह एवं संस्थाएं)	6 (6+0)
8	समाज कार्य अभ्यास के क्षेत्र	6 (6+0)
9	सामाजिक शोध : परिचय एवं पद्धतियाँ	6 (6+0)
10	सामुदायिक संगठन एवं सामाजिक क्रिया	6 (6+0)
11	सामाजिक शोध, सांख्यिकी एवं कम्प्यूटर अनुप्रयोग	6 (6+0)
12	मानव संसाधन प्रबंधन	6 (6+0)
13	औद्योगिक संगठनों में समाज कार्य	6 (6+0)

अध्ययन धारा : परिचय और पृष्ठभूमि

अध्ययन धारा का उद्देश्य और औचित्य	• पाठ्यक्रम का मूल उद्देश्य जमीनी स्तर पर विकास की समझ रखने वाले कार्यकर्ता तैयार करना है। • विकास विषयक कार्यों को करने के लिये विशेष दक्षता की जरूरत होती है। • व्यावसायिक समाज कार्य व्यक्ति में वह क्षमतायें उत्पन्न करता है, जिससे व्यक्ति समाज में परिवर्तन के लिये हस्तक्षेप करने की योग्यता, निपुणता और विधियों का जानकारी हासिल करता है और इनका प्रयोग करता है। • पाठ्यक्रम के मूल स्वरूप की दृष्टि से इसे आधार माना गया है और मेजर कोर्स के रूप में पाँचों वर्ष इसके सैद्धान्तिक और व्यवहारिक ज्ञान के विषय/प्रश्नपत्र अध्ययन हेतु निर्धारित किये गये हैं।
सतत विकास लक्ष्यों से संबद्धता	• 1–17 तक सभी लक्ष्यों की सम्बद्धता इस अध्ययन धारा से है।
शासकीय विभागों से संबद्धता	• लगभग सभी शासकीय विभागों से समाजकार्य विषयक जानकार जुड़ते हैं और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से मनःस्थिति और परिस्थिति को बदलने का प्रयास करते हैं।
शासकीय योजनाओं से संबद्धता	• इस अध्ययन धारा के विषय हितग्राही मूलक योजनाओं से महत्वपूर्ण रूप से जुड़े रहते हैं। शासकीय योजनाओं के माध्यम से ही समाजकार्य कार्यकर्ता हस्तक्षेप का कार्य करते हैं तथा आवश्यकतानुसार शासकीय प्रावधानों और योजनाओं के माध्यम से व्यक्ति और समाज को सशक्त बनाते हैं।
अध्ययन धारा से कौशल सृजन	• समाजकार्य एक व्यावसायिक विषय है। केवल शौक के रूप में नहीं, प्रोफेशन के रूप में इस अध्ययन धारा से ग्राम को समझने, मनोविज्ञान को समझने, योजनाओं की रूपरेखा बनाने, उन्हें लागू करने और निगरानी करने की विविध प्रक्रियाओं की वैज्ञानिक सूझबूझ का कौशल इस अध्ययन धारा से विकसित

	होगा और एक कुशल समाजकार्य कार्यकर्ता में जो खूबियाँ होनी चाहिए, जो कौशल होना चाहिए, उनका विकास होगा।

समाज कार्य परिचय
(Introduction to Social Work)

इकाई–1 : समाज कार्य की अवधारणा

1.1 समाज कार्य की अवधारणा

1.2 अर्थ एवं परिभाषा

1.3 उद्देश्य एवं महत्व

इकाई–2 : समाज कार्य एवं अन्य अवधारणायें

2.1 समाज कार्य, समाज सेवा, सामाजिक सुधार

2.2 समाज कल्याण, समाज कल्याण प्रशासन, सामाजिक विकास

2.3 सामाजिक सुरक्षा एवं सामाजिक न्याय, व्यावसायिक समाज कार्य एवं स्वैच्छिक समाज कार्य

इकाई–3 : भारत में समाज कार्य का इतिहास

3.1 प्राचीन काल

3.2 मध्य काल

3.3 आधुनिक काल

3.4 समाज कार्य का व्यावसायिक एवं वैज्ञानिक स्वरूप

इकाई–4 : समाज कार्य का दर्शन एवं मौलिक मूल्य

4.1 समाज कार्य का दर्शन

4.2 समाज कार्य के मौलिक मूल्य

इकाई–5 : समाज कार्य के सिद्धान्त एवं तकनीकियॉ

5.1 समाज कार्य के सिद्धान्त

5.2 समाज कार्य की तकनीकियॉ– सम्बन्ध, संबल, सहभागिता, साधन–उपयोग

5.3 व्याख्या, स्पष्टीकरण, सामान्यीकरण, परिस्थिति परिवर्धन, स्थानान्तरण

Reference:

1. **Samaj Karya Prichaya –** Prof. Rajaram Shastri
2. **Samaj Karya -** Kunwar Singh Tilara
3. **Samaj Karya Ka Itihas Evam Darshan-** Prof.Mirza Raffiudin Ahmad
4. **Samaj Karya-** Dr.A.S Inam Shastri.
5. **Samaj Karya-** Shidhant Evam Abhyas- Dr. Kripal Singh Sudan

समाज कार्य एवं अन्य अवधारणायें
(Social Work and Other Concepts)

इकाई–1 : समाज कार्य अवधारणा

1.1 भारत में समाज कार्य का इतिहास

1.2 इग्लैण्ड में समाज कार्य का इतिहास

1.3 अमेरिका में समाज कार्य का इतिहास

1.4 भारत में व्यवसायिक समाज कार्य का शैक्षणिक विकास

इकाई–2 : समाज कार्य एवं अन्य अवधारणायें

2.1 समाज कार्य का अन्य सामाजिक विज्ञानों के साथ सम्बन्ध – समाज कार्य एवं समाजशास्त्र

2.2 समाज कार्य एवं मनोविज्ञान

2.3 समाज कार्य एवं अर्थशास्त्र

2.4 समाज कार्य एवं राजनीति शास्त्र

2.5 समाज कार्य एवं ग्रामीण विकास

इकाई–3 : भारत में समाज कार्य का इतिहास

3.1 समाज कार्य– अवधारणा एवं दर्शन

3.2 आचार संहिता

3.3 समाज कार्य में मूल्य एवं नैतिक दायित्व

3.4 सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार उन्मुखीकरण

इकाई–4 : समाज कार्य का दर्शन एवं मौलिक मूल्य

4.1 समाज कार्य के लक्ष्य – सुधारात्मक, उपचारात्मक

4.2 समाज कार्य के लक्ष्य – पुनर्वासन, संवर्धनकारी

4.3 समाज कार्य के लक्ष्य – विकासात्मक, रूपांतरकारी

4.4 समाज कार्य के लक्ष्य – निरोधक

इकाई–5 : समाज कार्य के सिद्धान्त एवं तकनीकियाँ

5.1 समाज कार्य की भूमिका

5.2 समाज कार्य प्रक्रिया

5.3 समाज कार्य में गांधीवादी दृष्टिकोण

समाज कार्य की पद्धतियाँ
(Methods of Social Work)

इकाई–1 : वैयक्तिक समाज कार्य

1.1 वैयक्तिक समाज कार्य अवधारणा एवं परिभाषाएं

1.2 वैयक्तिक समाज कार्य के विभिन्न सिद्धांत

1.3 वैयक्तिक समाज कार्य की तकनीकियां एवं दक्षता

1.4 वैयक्तिक समाज कार्य के अवयव– सेवार्थी, समस्या, संस्था एवं प्रक्रिया

इकाई–2 : सामूहिक समाज कार्य

2.1 सामूहिक समाज कार्य अवधारणा एवं परिभाषाएं

2.2 सामूहिक समाज कार्य के विभिन्न सिद्धांत

2.3 सामूहिक समाज कार्य की तकनीकियां

इकाई–3 : सामुदायिक संगठन

3.1 सामुदायिक संगठन की अवधारणा एवं परिभाषाएं

3.2 सामुदायिक संगठन के विभिन्न सिद्धांत

3.3 सामुदायिक संगठन की तकनीकियां

इकाई–4 : समाज कल्याण प्रशासन

4.1 समाज कल्याण प्रशासन की अवधारण एवं परिभाषाएं

4.2 समाज कल्याण प्रशासन के घटक (POSDCORB)

इकाई–5 : सामाजिक क्रिया

5.1 सामाजिक क्रिया (सामाजिक आंदोलन) : अवधारणा एवं परिभाषाएं

5.2 सामाजिक क्रिया की तकनीकियां

5.3 सामाजिक क्रिया की आवश्यकता एवं महत्व

इकाई–6 : सामाजिक शोध

6.1 सामाजिक शोध की अवधारणा एवं परिभाषाएं

6.2 उद्देश्य, प्रकार, चरण

6.3 तथ्यों के प्रकार एवं तथ्य संकलन के स्रोत

भारतीय परिप्रेक्ष्य में व्यावसायिक समाज कार्य
(Professional Social Work in Indian Context)

इकाई–1 : भारत में व्यावसायिक समाज कार्य

1.1 वैचारिक परिप्रेक्ष्य– सिद्धान्त, दान, परोपकार, मानवतावाद, तर्कवाद, आमूल परिवर्तनकारी, सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार उन्मुखीकरण

1.2 समाज कार्य के उपागम– एकीकृत, अन्तःक्रियावाद, समस्या समाधान उपागम, मनोसामाजिक, व्यवहारवादी, संकटकालीन हस्तक्षेप एवं सर्वोदय

इकाई–2 : समाज कार्य की आचार संहिता

2.1 अवधारणा एवं दर्शन, आचार संहिता, समाज कार्य में नैतिक दायित्व

2.2 नीतिपरक निर्णय प्रक्रिया, सूक्ष्म एवं वृहद समाज कार्य अभ्यास, समाज कार्य के मूल्य

इकाई–3 : समाज कार्य एक व्यवसाय के रुप में

3.1 समाज कार्य व्यवसाय का उद्‌भव, अर्थ, व्यवसाय की विशेषताऐं, व्यावसायीकरण की आवश्यकता, व्यावसायीकरण में निहित खतरे, समाज कार्य का व्यावसायिक स्तर

3.2 समाज कार्य के लक्ष्य– सुधारात्मक, उपचारात्मक, पुनर्वसन, संवर्धनकारी, विकासात्मक, रुपान्तरकारी, निरोधक, मूल्य

3.3 समाज कार्य के प्रकार्य, प्रक्रिया एवं भूमिका

इकाई–4 : सामाजिक परिवर्तन की समसामयिक विचारधाराऐं

4.1 नवउदारवाद, भूमण्डलीकरण, नारीवाद, उत्तर आधुनिकतावाद,

4.2 नागरिक समाज का पुनरोत्थान, बहुसंस्कृतिवाद, सतत् विकास एवं जनकेन्द्रित विकास

4.3 कार्यकारी समूह एवं सामाजिक आन्दोलन की विचारधारा

इकाई–5 : गाँधी जी की विचारधारा एवं नानाजी की विचारधारा के दार्शनिक आयाम

5.1 गाँधी जी एक विचारक के रुप में, वैश्विक दृष्टि, मानव की अवधारणा, प्रकृति, ईश्वर एवं उनका सम्बन्ध, गाँधी जी की आर्थिक, राजनैतिक एवं सामाजिक विचारधारा

5.2 नानाजी की ग्रामीण पुनर्रचना की अवधारणा (पीड़ित एवं उपेक्षित वर्गों के विशेष संदर्भ में), पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानव दर्शन

5.3 समाज कार्य का अन्य क्षेत्रों के साथ समन्वय एवं एकीकरण– संवेदनशील समूह का सीमान्तीकरण, व्यावसायिक समाज कार्य का परिसीमन, स्वास्थ्य, शिक्षा, उत्पादन प्रणाली, वंचित, सीमान्त एवं दिव्यांग वर्ग, समस्याग्रस्त व्यक्ति एवं समूह

सामाजिक वैयक्तिक सेवा कार्य एवं परामर्श
(Social Case Work and Counselling)

इकाई–1 : दर्शन, प्रणालियां एवं तकनीकियां

1.1 वैयक्तिक समाज कार्य पद्धति, पद्धतियों का उद्विकास, एक पद्धति के रुप में वैयक्तिक कार्य का महत्व, वैयक्तिक कार्य मूल्य का दार्शनिक महत्व, वैयक्तिक कार्य का दार्शनिक अनुमान एवं वैयक्तिक कार्य मूल्य,

1.2 वैयक्तिक कार्य प्रक्रिया– अध्ययन, आंकलन, हस्तक्षेप, निदान, उपचार, समापन, मूल्यांकन, वैयक्तिक सेवा कार्य के तत्व– व्यक्ति, स्थान, समस्या, प्रक्रिया

1.3 वैयक्तिक सेवा कार्य में सहायता की तकनीकियां– साक्षात्कार, सहायक तकनीकियां, अर्न्तदृष्टि विकास, तादात्मीकरण, पर्यावरण संशोधन, गृह भ्रमण, अवलोकन, सम्बन्ध निर्माण, सहवर्ती सम्पर्क एवं सन्दर्भित सम्पर्क, सहयोगी, संसाधन वृद्धि, अभिलेखन

1.4 समस्या समाधान तकनीकियां, संचार– मौखिक एवं अमौखिक, चिन्तनशील, तार्किक विमर्श, विरोध, कार्यक्रम संचार का प्रयोग, शैक्षणिक तकनीकी–सुनना, व्यावसायिक संबंध, व्यावसायिक सम्बन्ध, जागरुकता के साथ स्व का प्रयोग

इकाई–2 : वैयक्तिक समाज कार्य की उपचारात्मक विधियां एवं सिद्धान्त

2.1 वैयक्तिक समाज कार्य अवधारणा एवं सिद्धान्त

2.2 वैयक्तिक कार्य में निदान, अन्य सैद्धान्तिक पद्धतियों के साथ सम्बन्ध, चिकित्सकीय हस्तक्षेप अथवा मनोचिकित्सा, मनोविश्लेशणात्मक, मनोगत्यात्मक उपचार, व्यवहार आत्मशोधन व्यवहार, उपचार, संज्ञानात्मक व्यवहार उपचार, मानवीय अनुभावात्मक, समूह चिकित्सा, परिवार चिकित्सा, वैवाहिक उपचार, इनकाउण्टर समूह चिकित्सा, जैविक चिकित्सा

2.3 अभिलेख प्रक्रिया– व्यक्ति कार्य के उपकरण के रूप में अभिलेखों का प्रयोग, ब्लाक सारांश, सारांश अभिलेखन, लाभ एवं प्रयोग, अभिलेखों का रखरखाव, अभिलेखों का डिजिटल स्वरूप, व्यावसायिक विकास हेतु अध्यायों का प्रयोग, शिक्षण कक्ष विमर्श, तथा विभिन्न संचार माध्यमों में प्रसारित सफल कहानियां

इकाई–3 : सहायता हेतु समाज कार्य सिद्धान्त एवं व्यवस्था

3.1 वैयक्तिक सेवा कार्य में निदान– उपचारात्मक सिद्धान्त, निदानात्मक सिद्धान्त, व्यवहार संशोधन सिद्धान्त, अस्तित्ववादी सिद्धान्त, परिवार एवं विवेकीकरण,

3.2 सेवार्थी तंत्र को समझना, सिद्धान्त एवं उपागम, परिवर्तन अभिकर्ता पद्धति, सेवार्थी– कार्यकर्ता सम्बन्ध, प्रतिरक्षा प्रणाली, आवश्यकता, प्रकृति एवं प्रकार

3.3 अर्न्तविषयक कार्य– उपचार के मॉडल– दीर्घकालिक, अल्पकालिक, लक्ष्यकेन्द्रित, संकटकालीन हस्तक्षेप, उदारवादी उपागम, परिवार चिकित्सा

इकाई–4 : असामान्य मनोविज्ञान

4.1 मानसिक स्वास्थ्य की अवधारणा, मानसिक स्वास्थ्य के अवयव, महत्व, मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारक, मानसिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप के मॉडल– चिकित्सकीय मॉडल, सामुदायिक मॉडल, सामाजिक क्रिया मॉडल

4.2 असामान्य व्यवहार– असामान्य व्यवहार के कारण, तनाव, चिन्ता, व्यक्तित्व विकार, समायोजन एवं असमायोजन, मनोदशा विकृति एवं आत्महत्या, सीजोफ्रीनिया (मनोविद्लता), उन्माद विकृति, मानसिक मंदता, यौनिक एवं लैंगिक पहचान विकार, संज्ञानात्मक विकार

इकाई–5 : परामर्श के सिद्धान्त एवं तकनीकियां

5.1 वैयक्तिक कार्य अभ्यास में सहायता के उपकरण के रुप में परामर्श : अर्थ, प्रकार, पद्धतियां, तकनीकियां एवं सिद्धान्त

5.2 व्यक्ति के साथ कार्य करने की पारम्परिक भारतीय पद्धति– परिवार, पुरोहित, कुलगुरु। रामायण, महाभारत, गीता, योग वशिष्ट, बुद्ध, महावीर, एवं पुनर्जागरणकाल के संतो और गांधी जी के उद्धरण

5.3 अन्य संस्थाओं से समन्वय एवं एकीकरण : व्यक्ति एवं परिवार के साथ वैयक्तिक सेवा कार्य– संस्थागत एवं गैरसंस्थागत सेवाऐं– परिवार, बाल परामर्श केन्द्र, भाासकीय एवं निजी चिकित्सालय, वृद्धाश्रम, ग्रामीण वृद्ध, गृहिणियों, अल्प आवास गृह, महिला निरीक्षण गृह, बाल सुधार गृह, बंदी सुधारगृह, केन्द्रीय जेल, विद्यालय एवं महाविद्यालय, नर्सरी विद्यालय, बालिका विद्यालय, महाविद्यालय, युवा एवं किशोरियां, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के युवा, विद्यालय शिक्षक, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के शिक्षक, दिव्यांग युवा एवं वृद्ध, दिव्यांगों हेतु संस्थायें, ग्रामीण युवा, बेरोजगार युवा, ग्रामीण क्षेत्रों के कृषक एवं श्रमिक, ग्रामीण, नगरीय एवं जनजातीय जनता, प्रशासन द्वारा चिन्हित अपराधी एवं नक्सलवादी, आर्थिक संगठन एवं उनके नेतृत्वकर्ता, सामाजिक सुधार, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनैतिक दल, राजनेता, आध्यात्मिक नेता, नागरिक समाज नेतृत्वकर्ता, विवाहपूर्व एवं विवाह पश्चात् वैयक्तिक सेवा कार्य, आध्यात्मिक वैयक्तिक सेवा कार्य एवं परामर्श– मठ, मन्दिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा आदि, विभिन्न संगठनों के कर्मचारी एवं मालिक एवं अन्य आध्यात्मिक स्थल

सामाजिक मनोविज्ञान
(Social Psychology)

इकाई–1 : सामाजिक मनोविज्ञान का परिचय

1.1 परिभाषा, सामाजिक मनोविज्ञान की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

1.2 सामाजिक मनोविज्ञान का अध्ययन क्षेत्र

1.3 सामाजिक मनोविज्ञान एवं अन्य सामाजिक विज्ञान : अर्थशास्त्र, विधि विज्ञान, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र

इकाई–2 : सामाजीकरण एवं प्रेरणा

2.1 समाजीकरण का अर्थ, परिभाषा, समाजीकरण के अभिकरण, समाजीकरण के सिद्धांत–कूले, मीड एवं दुर्खीम

2.2 प्रेरणा–अर्थ एवं परिभाषा ,विशेषताएं, प्रेरणाओं के प्रकार

2.3 प्रेरणा के सिद्धांत–फ्रायड, मैस्लो, टालमैन, मानव व्यक्तित्व के विकास में प्रेरणा की भूमिका

इकाई–3 : मनोवृत्ति एवं नेतृत्व

3.1 मनोवृत्ति– अर्थ एवं परिभाषा , विशेषताएं ,मनोवृत्ति से सम्बद्ध प्रत्यय – विश्वास, प्रेरणा, मूल्य, निर्णय

3.2 मनोवृत्ति का निर्माण एवं विकास, मनोवृत्तियों में परिवर्तन

3.3 नेतृत्व– नेतृत्व का अर्थ, विशेषताएं, नेतृत्व के सामान्य गुण, नेता के प्रकार

इकाई–4 : सामाजिक समूह, प्रचार एवं जनमत

4.1 सामाजिक समूह–अर्थ , परिभाषा, विशेषताएं, समूह निर्माण, सामाजिक समूहों के प्रकार

4.2 प्रचार – प्रचार का अर्थ, परिभाषा, प्रचार के प्रकार, प्रचार का मनोविज्ञान, प्रचार के साधन, प्रचार का महत्व

4.3 जनमत – अर्थ, विशेषताएं, जनमत निर्माण के साधन, जनमत निर्माण को प्रभावित करने वाले कारक, जनमत का सामाजिक महत्व, लोकतंत्र में जनमत की भूमिका

इकाई–5 : जनप्रवाद या अफवाह, भीड़ एवं श्रोता समूह

5.1 अफवाह–अर्थ, विशेषताएं, प्रकार, अफवाह फ़ैलाने वाली परिस्थितियां, अफवाह फ़ैलाने वाले साधन, अफवाह को रोकने के सामाजिक एवं क़ानूनी उपाय

5.2 भीड़ एवं श्रोता समूह–भीड़ का अर्थ एवं विशेषताएं, भीड़ के प्रकार, भीड़ व्यवहार के सिद्धांत; श्रोता समूह – अर्थ, विशेषताएं, प्रकार तथा भीड़ से अंतर

5.3 समाज कार्य अभ्यास में सामाजिक मनोविज्ञान का उपयोग

सामाजिक सामूहिक कार्य (समूह एवं संस्थाएं)
Social Group Work Practice (Groups & Institutions)

इकाई–1 : परिचय, मूल्य एवं सिद्धान्त

1.1 सामाजिक समूह कार्य का परिचय एवं इतिहास– समूह की समझ, विशेषताएं एवं महत्व, सामाजिक समूह कार्य की परिभाषा, विशेषताएं, उद्देश्य

1.2 समूह कार्य के मूल्य एवं सिद्धान्त, समूह कार्य की समस्या समाधान के प्रभावी कार्य हेतु समूह कार्य के कौशल एवं तकनीक का ज्ञान

1.3 भारत तथा पश्चिमी देशों में सामाजिक समूह कार्य का ऐतिहासिक उद्विकास, एक प्रणाली के रुप में समूह कार्य (भारत के विशेष संदर्भ में)

इकाई–2 : समूह गत्यात्मकता

2.1 समूह गत्यात्मकता : परिभाषा, समूह के नियम, व्यक्ति समूह की सदस्यता क्यों ग्रहण करता है? समूह में कार्य, कार्य (लक्ष्य) के प्रकार एवं कार्य निष्पादन

2.2 समूह की विशेषतायें, कार्य एवं उत्पाद

2.3 समूह विकास के स्तर, विभिन्न प्रकार की सामूहिक गतिविधियों के बीच समायोजन की प्रक्रिया के रुप में मनुष्य का जीवन, समूह में संचार

2.4 समूह निर्णय लेना तथा व्यक्ति पर समूह निर्णय का प्रभाव

इकाई–3 : समूह संरचना एवं समूह नेतृत्व

3.1 समूह संरचना : उद्देश्यों का निर्माण एवं कार्यक्रम नियोजन, आंकलन, क्रियान्वयन का चरण, समापन का चरण, मूल्यांकन

3.2 समूह में नेतृत्व : इसकी प्रकृति एवं समूह पर प्रभाव, नेतृत्व की प्रभावशीलता, रुपान्तरकारी नेतृत्व एवं समाज कार्य में व्यावसायिक नेतृत्व

3.3 समूह के प्रकार : प्रकार एवं प्रयोजन तथा उद्देश्य पर आधारित अभिगम, समूह सदस्यता के प्रकार, समयावधि, समूह प्रक्रिया का विश्लेषण

इकाई–4 : निदान एवं कार्यक्रम नियोजन

4.1 समूह कार्य में कार्यक्रम नियोजन : अर्थ, महत्व, नियोजन एवं विकास प्रक्रिया,

4.2 समूह में निदान एवं उपचार, समूह में निदान की कार्य प्रक्रिया, समूह निदान की प्रक्रिया, समूह निदान की तकनीकियां, प्रकार एवं उद्देश्य एवं उपचार की तकनीकियां

4.3 विभिन्न संस्थाओं (संस्थागत एवं गैर संस्थागत) में समूह कार्य का विस्तार। विभिन्न संस्थाऐं, जिनमें समूह कार्य का अभ्यास किया जाता है।

इकाई–5 : पर्यवेक्षण एवं मूल्यांकन

5.1 समूह कार्य में अभिलेख लेखन– उद्देश्य, प्रकार, सिद्धान्त एवं महत्व

5.2 समूह कार्य में मूल्यांकन– मूल्यांकन का महत्व, मूल्यांकन की विधियां, समूह कार्य में सामाजिक कार्यकर्ता की भूमिका

5.3 समूह कार्य में पर्यवेक्षण– भूमिका, प्रकार, कौशल, पर्यवेक्षणीय सम्मेलन, व्यक्तिगत एवं समूह सम्मेलन

समाज कार्य अभ्यास के क्षेत्र
(Fields of Social Work Practice)

इकाई–1 : विभिन्न समुदायों के साथ समाज कार्य

1.1 ग्रामीण कल्याण

1.2 नगरीय कल्याण

1.3 जनजातीय कल्याण

इकाई–2 : चिकित्सा सम्बन्धी क्षेत्रों में

2.1 युवा एवं वृद्धों के साथ समाज कार्य

2.2 परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य एवं नैदानिक परामर्श, चिकित्सकीय परामर्श, महिला एवं बाल परामर्शदाता, बाल निर्देशन केंद्र, परिवार परामर्श केंद्र

2.3 जनस्वास्थ्य, महामारी एवं आपदा प्रबंधन में सामाजिक कार्य

इकाई–3 : परिवार कल्याण

3.1 परिवार कल्याण, दिव्यांग, मानसिक स्वास्थ्य, मानवाधिकार के क्षेत्र में समाज कार्य

3.2 अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से शरणार्थियों के साथ सहायता कार्य, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में समाज कार्य, मलिन बस्ती वालों के साथ समाजकार्य

3.3 वंचित वर्गों के साथ सामाजिक पैरवी

इकाई–4 : नेतृत्व के साथ समाजकार्य

4.1 सामाजिक नेतृत्व के साथ समाज कार्य

4.2 राजनैतिक नेतृत्व के साथ समाज कार्य

4.3 धार्मिक/आध्यात्मिक नेतृत्व के साथ समाज कार्य

इकाई–5 : अन्य क्षेत्र

5.1 विद्यालयागत समाज कार्य, बाल सुधार गृह, महिला संरक्षण केन्द्र के साथ समाज कार्य,

5.2 आंगनवाडी केन्द्र, स्वास्थ्य उपकेन्द्र, किशोर एवं किशोरियों के साथ समाज कार्य

5.3 कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ समाज कार्य एवं अन्य क्षेत्रों में समाज कार्य

सामुदायिक संगठन एवं सामाजिक क्रिया
Community Organisation and Social Action

इकाई–1 : अवधारणा, सिद्धान्त एवं तकनीकी

1.1 सामुदायिक संगठन की अवधारणा, सामुदायिक संगठन अभ्यास का ऐतिहासिक विकास

1.2 सामुदायिक संगठन, अवधारणा, परिभाषा, प्रक्रिया, चरण, मूल्य एवं सिद्धान्त, तकनीकियां, सामुदायिक संगठन एक हस्तक्षेप की पद्धति एवं उसका क्षेत्र

1.3 सामुदायिक संगठन में मानव अधिकार की समझ

इकाई–2 : सामुदायिक सशक्तिकरण, शक्ति संरचना एवं प्रारुप

2.1 सामुदायिक शक्ति संरचना, भाक्ति की अवधारणा, भाक्ति के आयाम, सामुदायिक संगठन की प्रासंगिकता, भाक्ति के आधार एवं निर्णय प्रकिया, भाक्ति संरचना एवं शोषण, भाक्ति सरंचना की भोशण प्रकिया का सामना करने के लिए रणनीति, उपागम, राथमैन उपागम का अवलोकन, राथमैन उपागम की आलोचना

2.2 सामुदायिक स ाक्तिकरण उपागम– सशक्तिकरण की अवधारणा, सिद्धान्त, सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक स ाक्तिकरण के अवरोधक, सशक्तिकरण चक्र, समस्या समाधान एवं सामान्यीकरण उपागम, लैंगिक संवेदनशील सामुदायिक संगठन विषमता के केन्द्र में लैंगिक, जाति, वर्ग, के मुद्दे, सशक्तिकरण के नारीवादी सिद्धान्त

2.3 आधुनिक उपागम– क्षेत्रीय विकास उपागम, सामाजिक नियोजन एवं सामाजिक क्रिया (सामाजिक आन्दोलन) स्वदेशी उपागम– गॉधीवादी, सर्वोदय।
उपरोक्त सभी उपागमों में सामाजिक कार्यकर्ता की भूमिका– जनहित याचिका, विरोध एवं प्रदर्शन, सत्ताधारियों के साथ बर्ताव एवं व्यवहार, जनसम्पर्क, नियोजन, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन

2.4 सॉल एलेन्सकी प्रारूप, महिला केन्द्रित प्रारूप

इकाई–3 : सामाजिक पैरवी एवं सामुदायिक नेतृत्व

3.1 सामाजिक पैरवी एवं लामबंदी

3.2 संगठनात्मक रणनीतिः सामुदायिक बैठक, क्षेत्र एवं मुददे आधारित समितियॉ एवं संगठन एवं सोच कार्यकारी समूह

3.3 सामुदायिक नेतृत्व– आव यकता प्रकार सामुदयिक नेतृत्व को गतिशील बनाना, सामाजिक आंदोलन की रणनीति एवं भूमिका, सामाजिक आंदोलन के प्रकार एवं स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका

3.4 सामुदायिक विकास कार्यक्रम एवं पंचायती राज अवधारणा, ऐतिहासिक परिदृश्य ग्रामीण एवं नगरीय विकास कार्यक्रम।

इकाई–4 : सामुदायिक संगठन में सामायिक मुददे

4.1 निर्देशित एवं अनिर्देशित उपागाम, समूह के साथ कार्य, नेतृत्व के कार्य संस्थागत एवं गैर संस्थागत संस्थाओं के साथ कार्य, समाज कार्य की अन्य पद्वतियों के साथ कार्य

4.2 सामुदायिक कार्य में संचार, संचार की प्रकिया, सामुदायिक कार्य में प्रभावशाली संचार सामुदायिक संगठन कार्यकर्ता की भूमिका, सामुदायिक संगठन अभ्यास कार्यकर्ता की निपुणतायें, समस्या विश्लेशण, संसाधन संग्रहण, संघर्शों का समाधान, बैठकों का संचालन, दस्तावेजीकरण एवं प्रतिवेदन लेखन, नेटवर्किंग प्रशिक्षण, सामाजिक अंकेक्षण

4.3 सामुदायिक संगठन में सामाजिक क्रिया (सामाजिक आंदोलन) अवधारणा, उद्देश्य, एंव तकनीकियॉ, सिद्धान्त, सामुदायिक संगठन में संघर्श प्रबन्धन

4.4 अभिलेखन

इकाई–5 : एकीकृत समाजकार्य अभ्यास

5.1 एकीकृत समाजकार्य अभ्यास– अवधारणा, प्रकार,तत्व, एवं सामाजिक व्यवस्था की विशेषतायें

5.2 प्रणाली उपागम, पर्यावरणीय उपागम, सेवार्थी उपागम, परिवर्तनकारी प्रतिनिधि (चेंज एजेण्ट उपागम) एवं कार्य

5.3 व्यावसायिक सामाजिक कार्यकर्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में

5.4 अन्य संस्थानों के साथ एकीकरण एवं समन्वय

सामाजिक शोध : परिचय एवं पद्धतियां
(Social Research : Introduction and Methods)

इकाई–1 : सामाजिक शोध का अर्थ

1.1 सामाजिक विज्ञान में सामाजिक शोध का अर्थ एवं उद्देश्य, शोध के क्षेत्र, शोध की सीमाएं

1.2 वैज्ञानिक पद्धति – अर्थ, चरण, उपयोगिता, सामाजिक शोध एवं सर्वेक्षण

1.3 शोध के प्रकार – मौलिक शोध, वर्णनात्मक शोध, क्रियात्मक शोध

इकाई–2 : शोध प्रारूप

2.1 शोध प्रारूप– आवश्यकतायें, प्रकार एवं महत्व, शोध प्रारूप के चरण

2.2 समस्या का चयन एवं परिसीमन, उद्देश्य, कार्यकारी परिभाषा, उपकल्पना, तथ्य संकलन, प्राथमिक एवं द्वितीयक श्रोत

2.3 सामाजिक शोध में सामाजिक कार्यकर्ता की भूमिका एवं दायित्व

इकाई–3 : तथ्य संकलन की पद्धतियाँ

3.1 निदर्शन – अर्थ, आवश्यकता एवं महत्व, निदर्शन की पद्धतियाँ, दैव निदर्शन, स्तरीकृत निदर्शन, उद्देश्यपूर्ण निदर्शन

3.2 तथ्य संकलन की पद्धतियाँ – अवलोकन, साक्षात्कार, केस स्टडी, परीक्षण एवं प्रयोग, पीआरए पद्धतियाँ, तथ्य संकलन से सम्बंधित एप्स का प्रयोग (गूगल फॉर्म) एवं अन्य एप्स का प्रयोग

3.3 तथ्य संकलन के उपकरण– प्रश्नावली एवं अनुसूची, प्रक्षेपण विधि, तथ्य संकलन के द्वितीयक श्रोतो का उपयोग, तथ्यों का विश्लेषण, कोडिंग, सारणीयन एवं प्रतिवेदन लेखन

इकाई–4 : सामाजिक शोध में कम्प्यूटर का प्रयोग

4.1 सामाजिक शोध में कंप्यूटर का प्रयोग, विभिन्न प्रकार के एप्स का प्रयोग

4.2 तथ्यों को एक्सेल शीट में संग्रह करना एवं आंकड़ो को तालिका प्रारूप में प्रस्तुतीकरण करना

इकाई–5 : शोध में सांख्यिकी का प्रयोग

5.1 सांख्यिकी का अर्थ, स्वरुप, महत्व एवं क्षेत्र, सांख्यिकी पद्धतियाँ, तथ्यों का वर्गीकरण

5.2 केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप, समानांतर माध्य, मध्यिका एवं बहुलांक

सामाजिक शोध, सांख्यिकी एवं कम्प्यूटर अनुप्रयोग
(Social Research, Statistics and Computer Application)

इकाई–1 : अवधारणा एवं प्रकार

1.1 सामाजिक विज्ञानों में शोध कार्य का अर्थ एवं उद्देश्य समाज कार्य एवं साामजिक विज्ञानों में शोध का क्षेत्र एवं सीमायें

1.2 वैज्ञानिक विधि– अर्थ, चरण, क्रियान्वयन, सामाजिक सर्वेक्षण एवं सामाजिक शोध

1.3 शोध के प्रकार– मौलिक, व्यवहारिक, आधारभूत, क्रियात्मक, मूल्यांकनात्मक, परिचयात्मक, सहभागी

इकाई–2 : शोध प्रारुप

2.1 शोध प्रारुप – आवश्यकता, प्रकार एवं महत्व, भाोध प्रारुप के चरण एवं तत्व– गुणात्मक एवं परिमाणात्मक, अन्वेषणात्मक, वर्णनात्मक, निदानात्मक, प्रयोगात्मक

2.2 समस्या का चयन एवं परिसीमन– उददेश्य, परिभाषा, उपकल्पना, तथ्य संकलन के स्त्रोत– प्राथमिक एवं द्वितीयक स्त्रोत

2.3 सामाजिक शोधकर्ता की भूमिका एवं दायित्व

इकाई–3 : पद्धतियां एवं उपकरण

3.1 तथ्य संकलन की विधियां– अवलोकन, साक्षात्कार, प्रश्नावली, अनुसूची, वैयक्तिक अध्ययन, पी.आर.ए. पद्धतियां

3.2 शोध के उपकरणों की प्रमाणिकता, एवं विश्वसनीयता, तथ्य संकलन के द्वितीयक स्त्रोंतों का उपयोग, तथ्य विश्लेषण, आंकडों का प्रस्तुतिकरण एवं प्रत्यावेदन लेखन

3.3 शोध परियोजना, नियोजन, समय सारिणी का निर्धारण, बजट निर्माण, कार्यकर्ताओं का चयन एवं प्रशिक्षण

इकाई–4 : सांख्यिकी का महत्व

4.1 सांख्यिकी की प्रकृति एवं महत्व, सांख्यिकीय का क्षेत्र, सांख्यिकीय विधियां, तथ्यों का वर्गीकरण, चर–आश्रित, स्वतंत्र

4.2 कोडिंग एवं सारणीयन, डाटा का प्रस्तुतिकरण, रेखाचित्र एवं ग्राफ, केन्द्रीय प्रवृत्ति की माप– समान्तर माध्य, माध्यिका, बहुलक

इकाई–5 : शोध में कम्प्यूटर का प्रयोग

5.1 मानक विचलन, सह सम्बन्ध

5.2 निदर्शन – आवश्यकता एवं अर्थ, निदर्शनका प्रतिनिधित्व एवं तकनीकियां, दैव निदर्शन, स्तरीकृत निदर्शन, उद्देश्यपूर्ण निदर्शन, क्षेत्रीय निदर्शन एवं कोटा निदर्शन

5.3 सामाजिक शोध में कम्प्यूटर अनुप्रयोग

मानव संसाधन प्रबंधन
(Human Resource Management)

इकाई–1 : परिचय

1.1 मानव संसाधन प्रबंधन : अर्थ, परिभाषा एवं महत्व

1.2 भारत में मानव संसाधन प्रबंधन का विकास

1.3 मानव संसाधन प्रबंधन विभिन्न प्रारूप

1.4 मानव संसाधन प्रबंधन के प्रकार्य

1.5 मानव संसाधन प्रबंधन एवं मानव संसाधन विकास के मध्य अर्न्तसम्बन्ध

इकाई–2 : मानव संसाधन नियोजन

2.1 अवधारणा, उद्देश्य, परिभाषा एवं विभिन्न स्तरों पर मानव संसाधन नियोजन

2.2 भर्ती एवं चयन, कार्य पर नियुक्ति

2.3 आगमन, प्रशिक्षण, पदोन्नति व पदावनति एवं स्थानांतरण

2.4 निष्पादन, मूल्यांकन

2.5 अधिशाषी विकास, कर्मचारी मंत्रणा, क्षतिपूर्ति

इकाई–3 : औद्योगिक मनोविज्ञान

3.1 अभिप्रेरणा, पुरस्कार, कार्य मूल्यांकन

3.2 योग्यता अंकन

3.3 प्रशिक्षण एवं विकास

3.4 वैज्ञानिक चयन की आवश्यकता

3.5 अभिप्रेरणा के विभिन्न सिद्धांत

इकाई–4 : मानवीय एवं संगठनात्मक संघर्ष

4.1 अवधारणा एवं परिभाषा

4.2 संघर्षों के कारण, प्रकार एवं प्रक्रिया

4.3 संघर्षों का सकारात्मक एवं नकारात्मक पक्ष

4.4 संगठनात्क संघर्ष के प्रतिरूप एवं समाधान की विभिन्न तकनीकियां

4.5 संघर्षों के समाधान में समाज कार्यकर्ता एवं विधियों की उपादेयता

इकाई–5 : मानवीय संबंध एवं सामूहिक समझौता

5.1 मानवीय संबंध : विचारधारा, उद्गम एवं विकास

5.2 मानवीय संबंध : अर्थ, परिभाषा, महत्व, दर्शन, मान्यतायें एवं सिद्धांत

5.3 मानवीय संबंधों में सुधार के उपाय

5.4 उद्योगों में मानव अधिकारों की आवश्यकता

5.5 सामूहिक समझौता : उद्देश्य, क्षेत्र एवं प्रक्रिया

औद्योगिक संगठनों में समाज कार्य
(Social Work in Industries)

इकाई–1 : औद्योगिक समाज कार्य एवं सामाजिक सुरक्षा

1.1 औद्योगिक समाज कार्य : अवधारणा, उद्देश्य एवं सिद्धांत

1.2 आधुनिक श्रम एवं सामाजिक विधान : अवधारणा एवं सिद्धांत

1.3 भारत में आधुनिक श्रम विधानों का इतिहास

1.4 भारत में सामाजिक सुरक्षा, अर्थ एवं पद्धतियां

1.5 प्रमुख सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम

इकाई–2 : भारत में औद्योगिक विकास एवं श्रम कल्याण

2.1 भारत में औद्योगिक विकास : अवधारणा, आवश्यकता एवं सिद्धांत

2.2 भारत में श्रम कल्याण : अवधारणा, कार्यक्रम एवं नीतियां

2.3 भारतीय श्रमिकों की समस्यायें, प्रवजन, अनुपस्थिति, अनुशासनहीनता, नशा, ऋण–ग्रस्तता

2.4 औद्योगिक विवाद, शिकायत, तालाबन्दी

2.5 हड़ताल : परिभाषा, अवधारणा एवं कारण

इकाई–3 : श्रम कल्याण अधिकारी

3.1 श्रम कल्याण अधिकारी : कर्तव्य एवं उत्तरदायित्व

3.2 श्रम कल्याण अधिकारी : भूमिका एवं कार्य

3.3 श्रमिक कल्याण में समाज कार्य पद्धतियों का प्रयोग

3.4 श्रमिक परामर्श की आवश्यकता

3.5 श्रम कल्याण अधिकारी के लिए सम्भावित चुनौतियां

इकाई–4 : श्रम संघ

4.1 श्रम संघ : परिभाषा, प्रकार, उद्देश्य एवं कार्य

4.2 श्रम संघों के कार्य करने के तरीके एवं उनका वर्गीकरण

4.3 भारतीय श्रम संघ आंदोलन का इतिहास

4.4 भारत में श्रम संघों की चुनौतियां एवं समाधान के उपाय

4.5 अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन

इकाई–5 : श्रम कल्याण विधान

5.1 भारत में श्रम विधानों का ऐतिहासिक विकास, श्रमिक विधानों का वर्गीकरण

5.2 स्वतंत्रता के पूर्व श्रम विधान : श्रम संघ अधिनियम 1926, मजदूरी भुगतान अधिनियम 1936

5.3 कर्मकार क्षतिपूर्ति अधिनियम 1923, औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947

5.4 स्वतंत्रता के पश्चात् श्रम विधान : कारखाना अधिनियम 1948, प्रसूति हितलाभ अधिनियम 1961

5.5 बोनस अधिनियम 1965, ग्रेच्युटी अधिनियम 1965

2. अनिवार्य विषय/प्रश्नपत्र : विकास, नेतृत्व और संचार

क्रम	विषय/प्रश्नपत्र	क्रेडिट
1	विकास की अवधारणा एवं क्रियान्वयन	6 (6+0)
2	सामुदायिक नेतृत्व	6 (6+0)
3	विकास के लिए संचार	6 (3+3)
4	सतत विकास के आयाम	6 (3+3)
5	जीवन कौशल शिक्षा	6 (3+3)

अध्ययन धारा : परिचय और पृष्ठभूमि

अध्ययन धारा का उद्देश्य और औचित्य	• समुदाय के साथ कार्य करने के लिये कुछ विशेष योग्यतायें आवश्यक होती हैं। ये योग्यताऐं न सिर्फ कार्य को आसान बनाती हैं, बल्कि उसे प्रभावी और दीर्घजीवी भी बनाती हैं। • विकास कार्यकर्ता के लिये समुदाय से जुड़ने हेतु तीन जादुई मंत्र हैं– विकास की अच्छी समझ, समुदाय का नेतृत्व करने की क्षमता और अपनी बातों को सहमत करने के लिये प्रभावी संप्रेषण कौशल। • समाजकार्य को मूल विषय मानकर सहमूल विषय के रूप में विकास के विविध आयामों की समझ, नेतृत्व के गुण विकसित करने के सूत्र, समुदाय को साथ लेकर चलने का कौशल और अच्छे संप्रेषक के गुण विकसित करने के लिये गौण विषयों की अध्ययन धारा विकास, नेतृत्व और संचार की त्रिवेणी के रूप में है। • विकास की समझ से अपने परिवेश को विकसित करने का हुनर आता है। नेतृत्व सामुदायिक, सामूहिकता को बढ़ाता है और संचार अपनी बातों से लोगों को सहमत करने के काम आता है।
सतत विकास लक्ष्यों से संबद्धता	• 1–17 तक सभी लक्ष्यों की सम्बद्धता इस अध्ययन धारा से है।
शासकीय विभागों से संबद्धता	• शासकीय विभागों से सम्बद्धता के लिये विकास, नेतृत्व और संचार की सम्बद्धता के लिये आवश्यकता होती है। सभी विभागों की योजनायें निचले स्तर पर लागू करने के लिये इन तीनों प्रकार के गुणों का होना योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का आधार बन जाता है।
शासकीय योजनाओं से संबद्धता	• विकास नेतृत्व और संचार विषयक योग्यताओं का सभी शासकीय योजनाओं को निचले स्तर पर पहुँचाने में योगदान होता है। सभी शासकीय योजनाओं में सूचना–शिक्षा–संचार (आई.ई.सी.) गतिविधियों का प्रावधान होता है।
अध्ययन धारा से कौशल सृजन	• विकास विषयक ज्ञान से क्षेत्र की आवश्यकता, उपलब्ध संसाधन और उनके युक्ति युक्त उपयोग की क्षमता विकसित होती है। विकास के लिये संसाधनों के आधार पर योजना निर्माण, क्रियान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन के लिये

	आवश्यक कौशल आता है। नेतृत्व क्षमता से लोगों को विकास में सहभागी बनाने का गुण और संचार से व्यवहार परिवर्तन करने का हुनर विकसित होता है।

विकास की अवधारणा एवं क्रियान्वयन
(Concept of Development and Implementation)

इकाई–1 : विकास : एक संवाद

1.1 अवधारणा

1.2 विकास की प्रक्रिया का सांकेतिक प्रादर्श

1.3 सूचकांक

1.4 चुनौतियाँ

इकाई–2 : विकास का आकलन

2.1 सतत् विकास की अवधारणा का उद्‌भव

2.2 विकास के पैमाने

2.3 सकल राष्ट्रीय खुशहाली (Gross National Happiness)

2.4 वैश्विक स्तर पर मापन

2.5 विकास के अवरोध

इकाई–3 : विकास की चुनौतियां : सामाजिक मुद्‌दे

3.1 लिंग–विभेद

3.2 महिला के प्रति हिंसा

3.3 बाल–विकास की समस्या

3.4 मद्य सेवन, भ्रष्टाचार

3.5 आतंक एवं नक्सलवाद

3.6 प्राकृतिक आपदा

3.7 वंचित वर्गों की समस्या

3.8 पर्यावरणीय समस्या

इकाई–4 : विकास : सामाजिक अधोसंरचना

4.1 पड़ोसी समूह

4.2 महिला समूह

4.3 शिल्पी समूह

4.4 विकास के प्रेरक

इकाई–5 : मध्यप्रदेश : विकास की सम्भावनायें एवं चुनौतियाँ

5.1 प्रदेश की भौगोलिक परिस्थिति
5.2 शासकीय एवं अशासकीय प्रयास
5.3 सफलता के बढ़ते कदम
5.4 पठार पर विकास का परवान : झाबुआ
5.5 विकास का सामाजिक सफर : शहडोल
5.6 उन्मुक्त किसान : डी.पी.आई.पी. की सफलता
5.7 प्रदेश के विकास की दिशायें

नेतृत्व विकास
(Leadership Development)

इकाई–1 : विषय प्रवेश

1.1 विकास के लिए नेतृत्व – मध्यप्रदेश के प्रेरक उदाहरण

1.2 स्थानीय संघर्षो से बनता है विश्वस्तरीय अभियान : सत्यार्थी का उदाहरण

1.3 अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में नेतृत्व के उदाहरण

इकाई–2 : नेतृत्व : विशेषताएँ एवं कौशल

2.1 विकास के लिए नेतृत्व : एक संवाद

2.2 स्व–प्रेरित सामाजिक नेतृत्व

2.3 नेतृत्व की विशेषताएँ

2.4 विकास के संदर्भ में नेता के प्रमुख दायित्व

2.5 नेतृत्व की शैलियाँ

इकाई–3 : आंतरिक प्रशासन द्वारा सामुदायिक अगुवाई

3.1 स्वयं की पहचान से संबंधित कुछ बुनियादी सिद्धांत

3.2 सामाजिक नेतृत्व के सन्दर्भ में स्वयंसेवक की अवधारणा

3.3 आंतरिक प्रशासन की आवश्यकता

3.4 सामाजिक नेता के व्यवहारिक सफलता के कुछ रास्ते

3.5 सामाजिक नेतृत्व की एक ताबीज : समाज के लिए समाज द्वारा

इकाई–4 : सामुदायिक सहभागिता : योजना निर्माण एवं निर्णय

4.1 समुदाय क्या है ?

4.2 सामुदायिक भागीदारी : अर्थ एवं आवश्यकता

4.3 योजना निर्माण में सामुदायिक सहभागिता

4.4 सामुदायिक सहभागिता से निर्णय लेना

इकाई–4 : सामुदायिक नेतृत्व एवं सामाजिक उद्यमिता

5.1 सामुदायिक नेतृत्व : एक पुनर्दर्शन

5.2 सामाजिक उद्यमिता

5.3 सामाजिक उद्यमिता – उदाहरण

5.4 मोहम्मद युनूस का सामाजिक व्यवसाय सिद्धांत

5.5 सामाजिक नेता किस प्रकार आर्थिक स्वाबलंबन स्थापित करें

5.6 प्रदेश में गरीबों के विकास के अवसरः डीपीआईपी परियोजना की सफल कहानी

इकाई–5 : सामुदायिक नेतृत्व द्वारा परिवर्तन : अनुकरणीय उदाहरण

5.1 सामाजिक भेदभाव के प्रति समता की आवाज – महात्मा अय्यंकाली

5.2 समता और सम्मान की मिसाल : कृष्णम्मा

5.3 पर्यावरण के पहरुए : चंडी प्रसाद भट्ट और सुन्दरलाल बहुगुणा

5.4 सूचना का अधिकार, हक का हथियार – अरुणा राय एवं बंकर राय

5.5 प्रेम की प्रतिमूर्ति : मदर टेरेसा

5.6 आजीविका से आधार : इला भट्ट

5.7 जल जंगल जमीन की समस्या–पी वी राज गोपाल

विकास के लिए संचार
(Communication for Development)

इकाई– 1. संचार का परिचय

1.1 संचार की अवधारणा

1.2 संचार का अर्थ और परिभाषा

1.3 संचार कौशल : आवश्यकता एवं महत्व

1.4 प्रभावी संचार के आवश्यक तत्व

1.5 संचार से सशक्तीकरण

इकाई– 2. संचार की प्रक्रिया और प्रकार

2.1 संचार के तत्व

2.2 संचार की प्रक्रिया

2.3 संचार के चरण एवं प्रकार

2.4 संचार के कार्य

2.5 संचार की बाधाएँ

इकाई– 3. जनसंचार और माध्यम

3.1 जनसंचार का परिचय

3.2 जनसंचार के माध्यम

3.3 जनसंचार की विशेषताएं

3.4 संचार दक्षता बढ़ाने के सूत्र

3.5 जनसंचार और व्यवहारगत परिवर्तन

इकाई– 4. न्यू मीडिया

4.1 न्यूमीडिया का परिचय

4.2 सोशल मीडिया

4.4 विकास के सूचना–संचार–प्रौद्योगिकी

4.5 माध्यमों के लिए लेखन

इकाई– 5. विकास के लिए संचार

5.1 सहभागी विकास एवं जनमाध्यम

5.2 विकास संचार

5.3 संचार और सामुदायिक नेतृत्व

5.4 स्थानीय परिस्थितियों के लिए संचार रणनीति

5.5 सफल संचार के अनुकरणीय उदाहरण

सतत विकास के आयाम
(Dimensions of Sustainable Development)

इकाई–1 : विकास एवं सतत विकास

1.1 विकास अर्थ परिभाषा एवं आयाम,
1.2 जीवन की गुणवत्ता एवं उसके सूचकांक
1.3 मानव विकास सूचकांक
1.4 विकास से उपभोक्तावाद में वृद्धि
1.5 विकास से पृथ्वी एवं लोगों के समक्ष आयी चुनौतियॉ

इकाई–2 : सतत विकास का तात्पर्य एवं उसके लिए वैश्विक प्रयास

2.1 सातत्यता–अर्थ, परिभाषा, आयाम, जीवन्त सातत्यता
2.2 सतत समाज के सिद्धान्त, सतत समाज के सूचकांक
2.3 सततविकास के लिए किए गए प्रयास
2.4 एम.डी.जी. 2015 के प्रमुख प्रावधान एवं क्रियान्वयन की समीक्षा
2.5 सतत विकास लक्ष्य 2030 के प्रमुख प्रावधान

इकाई–3 : सतत विकास के आयाम–सामाजिक सातत्यता

3.1 सामाजिक सातत्यता की अवधारणा
3.2 सतत विकास लक्ष्यों में सामाजिक सातत्यता

- गरीबी उन्मूलन (लक्ष्य – 1)
- भूखमरी से मुक्ति (लक्ष्य – 2)
- उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली (लक्ष्य – 3)
- सर्वोत्तम शिक्षा (लक्ष्य – 4)
- लैंगिक समानता (लक्ष्य – 5)
- असमानता कम करना (लक्ष्य – 10)
- शांति, न्याय एवं सशक्त संस्थायें (लक्ष्य – 16)

इकाई–4 : आर्थिक एवं पर्यावरणीय सातत्यता

4.1 आर्थिक सातत्यता

- स्वच्छ जल एवं साफ सफाई (लक्ष्य – 6)
- सस्ती और प्रदूषण मुक्त उर्जा (लक्ष्य – 7)
- उत्कृष्ट श्रम और आर्थिक विकास (लक्ष्य – 8)
- उद्योग, नवाचार, बुनियादी सुविधाये (लक्ष्य – 9)
- सतत उत्पादन एवं उपभोग (लक्ष्य – 12)

4.2 पर्यावरणीय सातत्यता

- सतत शहर एव संतुलित समुदाय (लक्ष्य – 11)
- जलवायु परिवर्तन कार्यवाही (लक्ष्य – 13)
- जलीय जीवों की सुरक्षा (लक्ष्य – 12)
- थलीय जीवों की सुरक्षा (लक्ष्य – 13)

इकाई–5 : सतत् विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए रणनीति

5.1 लक्ष्यों हेतु साझेदारी (लक्ष्य – 17)
5.2 समाज में आमसहमति का निर्माण
5.3 राष्ट्रीय स्तर पर तैयार की गई नीतियाँ
5.4 प्रदेश स्तर पर तैयार की गई नीतियाँ एवं क्रियान्वयन से सम्बन्धित चुनौतिया
5.5 छात्रों के लिए प्रायोगिक कार्य–

- सतत् विकास के लिए नियोजन
- सतत् ग्राम का निर्माण :–नानाजी का प्रादर्श
- सतत ग्राम के लिए एक कार्य योजना तैयार करना
- तैयार कार्य योजना का चयनित गांव में कियान्वयन
- किसी सतत विकास की रणनीति को कियान्वित करने वाले गांव का अवलोकन

जीवन कौशल शिक्षा
(Life Skill Education)

इकाई–1 : जीवन कौशल (संप्रेषण कौशल)

1.1 श्रवण

1.2 वाचन

1.3 पठन

1.4 लेखन और लेखन के विविध प्रकार

1.5 डिजिटल साक्षरता

1.6 सोशल मीडिया का प्रभावी उपयोग

1.7 गैर–मौखिक संप्रेषण

इकाई–2 : जीवन कौशल (नेतृत्त्व कौशल)

2.1 नेतृत्व और इसके महत्व को समझना

2.2 नेतृत्व के लक्षण और मॉडल

2.3 मूल नेतृत्व कौशल

इकाई–3 : जीवन कौशल : कैरियर कौशल

3.1 जीवनवृत तैयार करने का कौशल

3.2 साक्षात्कार कौशल

3.3 समूह परिचर्चा कौशल

3.4 कॅरियर के अवसरों की तलाश

इकाई–4 : जीवन कौशल : टीम कौशल

4.1 प्रस्तुति कौशल

4.2 टीम कौशल के रूप में श्रवण व विचार–मंथनः विश्वास और सहयोग

4.3 सामाजिक और सांस्कृतिक शिष्टाचार

4.4 आंतरिक सम्प्रेषण

इकाई–5 : जीवन कौशल (प्रबंधकीय कौशल)

5.1 आधारभूत प्रबंधकीय कौशल

5.2 स्व प्रबंधन कौशल

वैकल्पिक धारा–1 : पंचायती राज एवं ग्रामस्वराज

क्रम	विषय/प्रश्नपत्र	क्रेडिट
1	पंचायती राजः अवधारणा और क्रियान्वयन	6 (6+0)
2	विकेन्द्रीकरण नियोजन, बजट निर्माण एवं सहभागी विकास	6 (6+0)
3	ग्रामीण प्रौद्योगिकी	6 (3+3)
4	सामाजिक अंकेक्षण	6 (3+3)
